
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

फिल्म 'ओह माय गॉड-2' के लिए अक्षय ... पेज 10 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 19 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-303 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

NEWS इन ब्रीफ

## यौन उत्पीड़न के आरोपी प्राचार्य सहित दो गये जेल

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के कड़हरबिल स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य, दो शिक्षकों एवं रात्रि प्रहरी पर विद्यालय की छात्राओं को प्रताड़ित करने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कच्छप के आवेदन पर नगर थाना में चारों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने प्रधानाचार्य और रात्रि प्रहरी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय की कुछ छात्राओं ने इस बाबत डीसी से शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसी ए दोड्डे ने सहायक समाहर्ता प्रांजल ढाढा और कार्यपालक दंडाधिकारी सुप्रिया एक्का को पूरे मामले के जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। दोनों पदाधिकारियों ने विद्यालय पहुंच कर मामले की जांच कर रिपोर्ट डीसी को सौंपा। जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाया गया, जिसके आधार पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने नगर थाना में प्रधानाचार्य शैलजानन्द झा, रात्रि प्रहरी शिवपूजन, शिक्षक पंकज और गुलशन के खिलाफ नगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया। पुलिस ने तत्परता से प्रधानाचार्य और रात्रि प्रहरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने की है।

## शिक्षक नियुक्ति मामले में सीटेट अभ्यर्थियों की याचिका पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची।** राज्य में शिक्षक नियुक्ति के लिए 26001 पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सीटेट पास अभ्यर्थियों को मौका नहीं दिए जाने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में दायर आईए पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। आईए पर पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि राज्य सरकार क्या सीटेट को वैध मानते हुए आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है? इसपर राज्य सरकार ने कहा था कि आने वाले समय में जेटेट की परीक्षा कराई जाएगी। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने विरोध जताया और कहा कि जेटेट की परीक्षा एक क्वालीफाई परीक्षा होती है। राज्य सरकार के पास जेटेट की परीक्षा नहीं कराने का कोई स्पष्ट कारण नहीं है। क्योंकि, राज्य में आठ सालों से जेटेट की परीक्षा नहीं हुई है।

## भाजपा विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका झारखंड हाई कोर्ट में खारिज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, कांग्रेसी नेता केएन त्रिपाठी ने चुनाव याचिका दाखिल कर कहा था कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के नामांकन के दौरान आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष पूरी नहीं हुई थी। इस कारण वे चुनाव लड़ने के अयोग्य थे। इसलिए उनका निर्वाचन रद्द किया जाए। हाई कोर्ट ने मामले की पूरी सुनवाई के दौरान बहस एवं सबूतों की जांच के बाद पाया कि विधायक आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी 1988 है। हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने पूर्व में सभी पक्षों को सुनवाई पूरी करने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई के दौरान विधायक आलोक चौरसिया की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया ने नामांकन फॉर्म भरते समय गलती से जन्मतिथि वर्ष 1995 लिख दिया था। बाद में वे इसे ठीक नहीं करा सके थे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2012 में अपने जन्म तिथि में सुधार की कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद वर्ष 2014 में उनकी जन्मतिथि में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने सुधार किया था। याचिकाकर्ता केएन त्रिपाठी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सलमान खुर्शीद, हाई कोर्ट के अधिवक्ता महेश तिवारी एवं अभिषेक कुमार दुबे ने बहस की थी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि आलोक चौरसिया की जन्म तिथि 15 फरवरी, 1995 है। झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी, इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे।

## झारखंड में कुआं धंसने से छह लोगों की मौत, दो को बचाया

**रांची।** रांची के मुरी ओपी क्षेत्र के पिस्का गांव में गुरुवार को कुआं धंसने के कारण हुए हादसे में शुक्रवार को छह लोगों के शव एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बरामद किया जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। एनडीआरएफ की टीम का रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म हो गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन 20 घंटे तक चला। बताया गया है कि मृतकों में विष्णु चरण मांझी (45), मनोहर मांझी (45), रमेशचंद्र मांझी (60), बहादूर मांझी (41), गुरुपद मांझी (45) और धन्नजय बेदिया (25) हैं। घायलों में भागीरथ मांझी (17) और अशोक मांझी (18) हैं। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं जबकि दो व्यक्तियों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को घास चरने के दौरान एक बैल कुएं में गिर गया था। बैल की जान बचाने के लिए पांच लोग कुएं में घुसे और बाकी अन्य लोग बाहर से मदद कर रहे थे। इसी दौरान कुआं धंस गया।

## 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दारियातु में सुरेंद्र दांगी के घर छापेमारी कर 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उपरोक्त जानकारी एसडीपीओ अविनाश कुमार ने देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम दारियातु में सुरेंद्र दांगी अपने घर पर अवैध ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री के लिए भंडारण किये हुए हैं। आगे बताया गया कि सूचना के आलोक में एसडीपीओ कुमार के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया और टीम ने त्वरीत कार्रवई करते हुए दारियातु में संबंधित के घर छापेमारी की, जिसमें चार अलग- अगल पारदर्शी प्लास्टिक से कुल 458 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इस संबंध में रंजीत दांगी, सुरेंद्र दांगी व सोनु कुमार दांगी तीनों दारियातु थाना सदर चतरा के विरूद्ध सदर थाना कांड 244/2023 एनडीपीएस के तहत दर्ज की गई। साथ ही मौके से गिरफ्तार सुरेंद्र दांगी पिता स्व. देवकी महतो व रंजीत दांगी पिता सुरेन्द्र दांगी दोनों दारियातु थाना सदर चतरा को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। छापामारी दल में एसडीपीओ अविनाश कुमार, पुअनि नईम अंसारी, पुअनि मनोज कुमार पाल, सअनि निर्मल कुमार सिंह एंव सशस्त्र बल शामिल थे।

# सहायक पुलिसकर्मियों को दो वर्ष का सेवा अवधि विस्तार मिलेगा : हेमंत

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सहायक पुलिसकर्मियों को दो वर्ष का सेवा अवधि विस्तार मिलेगा। साथ ही कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के भविष्य को लेकर सरकार चिंतित है और इस दिशा में जल्द ठोस निर्णय लिए जाएंगे। वे शुक्रवार को चाईबासा में आयोजित प्रमंडलीय रोजगार मेले में ऑफर लेटर वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में चारों ओर से रोजगार के दरवाजे खुल चुके हैं। रोजगार की कई योजनाएं चल रही हैं। स्वरोजगार के इच्छुक लोगों की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक मदद की जा रही है। इसके अलावा युवाओं को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के साथ मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार मदद भी कर रही है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को अपने प्रखंड में ही कौशल विकास का निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए बिरसा केंद्र खोला है। विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम शुरू किया गया है। ऐसी कई और भी योजनाएं हैं जो सरकार ने शुरू की है।

**लड़कर राज्य लिया है, हक-अधिकार भी लेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने लंबा संघर्ष कर झारखंड अलग राज्य लिया है। अब लड़कर अपना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 10,020 युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तो निजी क्षेत्रों में भी यहां के आदिवासियों-मूल वासियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने नियम बनाए हैं। अब राज्य में कार्यरत निजी संस्थानों और कंपनियों में 40 हजार रुपये प्रति माह तक की नौकरियों में यहां के आदिवासियों-मूल वासियों को 75 प्रतिशत रोजगार देना अनिवार्य होगा। यह कानून बनने के बाद आज पहली बार कोल्हान की धरती से एक साथ 10,020 युवाओं को ऑफर लेटर मिलना राज्य के लिए मील का पत्थर है। इसमें 9500 आदिवासी- ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कार्मिक विभाग ने जारी की अधिसूचना

## ससयम प्रोन्नति पाए बगैर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को मिलेगा आर्थिक लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में प्रोन्नति पर लगी रोक की वजह से कई पदाधिकारी व कर्मी सेवानिवृत हो गए, जो प्रोन्नति की योग्यता रखते थे। अब ऐसे कर्मियों को प्रोन्नति से मिलने वाला आर्थिक लाभ दिया जाएगा। राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है कि है, अधिसूचना के मुताबिक, 24 दिसंबर 2020 के आदेश के द्वारा प्रोन्नति पर लगायी गई रोक के कारण राज्य सेवा, संवर्गों के पदाधिकारी जो योग्य थे, एवं प्रोन्नति प्रदान किए जाने वाले पद की तत्समय उपलब्धता थी, उन्हें प्रावधानों को शिथिल करते हुए प्रोन्नति हेतु योग्य होने की तिथि से भूतलक्षी प्रभाव से सभी आर्थिक लाभ दिए जाएंगे। यह आदेश प्रोन्नति पर रोक लगायी गई तिथि 24 दिसंबर 2020 से बाद से सेवानिवृत हुए पदाधिकारियों के संबंध में लागू होगी।

### झारखंड सचिवालय सेवा के रिटायर्ड पदाधिकारियों को दिया गया लाभ

राज्य सरकार ने संयुक्त सचिव, उप सचिव व अपर सचिव रैंक के प्रोन्नति योग्य सेवानिवृत अफसरों को इसका लाभ दिया है। सेवानिवृत पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, विपिन कुमार झा, हरेंद्र कुमार पांडेय, नवनीत किशोर नंद, शंभुनाथ मिश्र, संतोष कुमार, बुद्धु उरांव, राजीव कुमार, भैया रजनीश रंजन, अनिल कुमार सिंह, बिंदेश्वर उरांव, सुदर्शन कुमार पांडेय, चंदन कुमार को इसका लाभ मिला है।

## रिम्स में शिक्षक नियुक्ति मामले में हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रिम्स में ट्विटर (शिक्षक) के पद को तीन साल की समय सीमा निर्धारित करने के लिए रेखा शर्मा एवं अन्य की दाखिल याचिका की सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में कहा गया है रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्विटर पद पर हुई थी। उस समय ट्विटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्विटर पद के लिए तीन साल की अवधि निर्धारित की। याचिकाकर्ता का कहना है कि जिस विज्ञापन से उनकी नियुक्ति हुई है उसमें ट्विटर पद के लिए समय सीमा निर्धारित नहीं थी। रिम्स में ट्विटर (शिक्षक) के पोस्ट को तीन साल की अवधि निर्धारित करने के खिलाफ दायर डॉ धर्मेंद्र सिन्हा एवं अन्य एवं डॉ विशाल कुमार की याचिका को कोर्ट ने रेखा शर्मा एवं अन्य की याचिका से अलग करते हुए उसकी अलग से सुनवाई करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि इस मामले की पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं झारखंड डेंटल काउंसिल को नोटिस जारी किया था।

## झारखंड में नौ माह का बच्चा बर्ड फ्लू से संक्रमित

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के जेनेटिक्स एंड जिनोमिक्स विभाग में शुक्रवार को जांच के दौरान एक बच्चे में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि पीडियाट्रिक विभाग में डॉ. राजीव मिश्रा की यूनिट में एक बच्चे का सैंपल लिया गया है। इसमें बर्ड फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। बच्चा रामगढ़ के संदवाडीह का रहने वाला है। उसकी उम्र मात्र नौ महीना है।

## झारखंड के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किये जाने की कार्ययोजना तैयार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यभर के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई शुरू होने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर अब शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 अगस्त से 13 अक्टूबर तक जेसीईआरटी, रातू रांची में आयोजित होगा। इन शिक्षकों को अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### प्रशिक्षण प्राप्त हेडमास्टर कर रहे बच्चों का मार्गदर्शन

इससे पूर्व 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरणों में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। जनवरी में प्रधानाध्यापकों में क्षमतावर्धन के लिए आईआईएम, रांची एवं आईआईएम अहमदाबाद द्वारा 15 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। अब शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू हो रहा है।

### 800 शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

80 उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए विभिन्न चरणों में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक विद्यालय से 10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दी जायेगी। इस प्रकार कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। कुल पांच बैच में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले बैच को 21-25 अगस्त, दूसरे बैच 11-15 सितम्बर, तीसरे बैच को 18-22 सितम्बर, चौथे बैच को 03-07 अक्टूबर एवं पांचवें बैच को 09-13 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण मिलेगा। इस प्रशिक्षण से पूर्व हर स्कूल के दो शिक्षकों को हर्ष जोहार के जरिए प्रशिक्षण मिल चुका है।

फैसला — हाई कोर्ट ने साहिबगंज में अवैध खनन के मामले की

# जांच सीबीआई से कराने के दिए आदेश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थानाक्षेत्र के नींबू पहाड़ पर हुए अवैध खनन मामले की सीबीआई जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने विजय हांसदा की याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश जारी किया है। हाईकोर्ट ने आदेश की प्रति मिलने के एक माह के भीतर सीबीआई को जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इस आदेश से सूबे के कई बड़ी हस्तियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

याचिकाकर्ता विजय हांसदा के अधिवक्ता एसएस चौधरी ने बताया कि नींबू पहाड़ पर अवैध उत्खनन को रोकने पर उनको धमकाया जा रहा था। उन्होंने पंकज मिश्रा समेत 14 नामजद के खिलाफ साहिबगंज के एसटी-एससी थाना में केस संख्या 6/22 दर्ज कराया था। लेकिन उन्हें पता ही नहीं था कैसे उनके हवाले से याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की गई थी। अधिवक्ता एसएस चौधरी ने कहा कि उस दौरान विजय हांदसा जेल में थे। जहां तक जेलर के अभिप्रमाणित वकालतनामे का सवाल है तो उन्होंने बेल के लिए हस्ताक्षर किया था। इसी हवाले से उन्होंने याचिका वापस लेने का आवेदन दिया था। इसपर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता अनिल कुमार और राज्य सरकार के अधिवक्ता सचिन कुमार का पक्ष सुना। इसके बाद मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट को लगा कि इस मामले में प्रभावशाली लोग शामिल हैं, इसलिए इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि चूकि विजय हांसदा कह रहे हैं कि उन्होंने जांच की मांग वाली कोई याचिका ही नहीं दी है, लिहाजा, उस मैटर की भी सीबीआई जांच करे और एक माह के भीतर रिपोर्ट दें।

दरअसल, साहिबगंज के नींबू पहाड़ गांव के प्रधान विजय हांसदा ने सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा पर अवैध खनन और धमकाने का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की सीबीआई से जांच की मांग की थी। उनका आरोप था कि पंकज मिश्रा सत्ता का दुरूपयोग कर नींबू पहाड़ पर अवैध खनन करा रहे हैं। कोर्ट में आने से पहले विजय हांसदा ने स्थानीय थाना में अवैध खनन की शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने उसपर कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि विजय हांसदा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया था। लिहाजा, पुलिस पर अविश्वास जताते हुए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी बीच अवैध खनन मामले में ईडी की कार्रवाई शुरू हो गई थी। मनी लॉन्ड्रिंग के आधार सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत कई लोग ईडी के हत्थे चढ़ गये थे। फिलहाल, सभी जेल में ही हैं। इसी मामले में ईडी ने विजय हांसदा को गवाह बनाया है। इस बीच 17 अगस्त को विजय हांसदा ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका को वापस लेने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दे दिया था ।इस परसुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की थी और कहा था कि ऐसा लगता है कि पर्दे के पीछे कोई और है। यह कहते हुए हाईकोर्ट ने विजय हांसदा के याचिका वापस लेने वाले आवेदन को खारिज कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने विजय हांसदा को प्रोटेक्शन मुहैया कराने का भी आदेश दिया था। अब पूरा मामला सीबीआई के पाले में चला गया है। दूसरी तरफ ईडी की भी कार्रवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## टीएसपीसी ने राजेंद्र साहू हत्याकांड की जिम्मेदारी ली

**बालूमाथ।** भाजपा नेता सह कोयला व्यवसायी राजेंद्र साहू की हत्या की जिम्मेदारी टीएसपीसी संगठन ने ली है। टीएसपीसी के उत्तरी दक्षिणी जोनल कमेटी के कॉमरेड अभिषेक जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राजेंद्र साहू पिछले कई वर्षों से संगठन के संपर्क में रहे हैं। संगठन का करोड़ों रुपये गबन करने, संगठन के एके-47, एसएलआर जैसे हथियारों को गबन करने, संगठन के साथ गद्दारी- धोखा करने पर संगठन द्वारा फौजी कार्रवाई की गई। विज्ञप्ति में यह भी बताया है कि राजेंद्र साहू की तरह ही कुछ और लोग संगठन का पैसा गबन किए हुए हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि संगठन का पैसा अविलंब वापस करें नहीं तो राजेंद्र साहू के जैसा ही हाल होगा। बता दें कि बीते 12 अगस्त को राजेंद्र साहू का कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## व्यवसायी से लूट व गोलीकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र केंडोरेया बाजार से लौट रहे पुरना नगर निवासी व्यवसायी बादल साहू से हुई लूट और गोलीकांड के मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने गुरुवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से देसी कार्बाइन, पिस्टल और गोली, बाइक और नकद 26 हजार रुपये बरामद किये गये हैं। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि आरोपितों ने गत चार अगस्त की शाम डोरेया बाजार से लौट रहे पुरनानगर गांव के व्यापारी बादल साहू से हथियार की नाक पर नकद दो लाख 30 हजार रुपये लूट लिये थे और भागने के दौरान कमलेश प्रमाणिक नामक एक ग्रामीण को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार को अड़की थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि जरंगा घाटी के पास आपराधिक चरित्र के तीन युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में छापामार टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बाइक पर सवार तीन संदिग्ध संदिग्ध युवकों को रोककर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से पिस्टल,, गोली नकद आदि बरामद किये गये। तीनों को हिरासत में लेकर जब उनसे पूछताछ की गई? तो पुरनानगर के व्यापारी से हुई लूट के मामले का खुलासा हो गया।

गिरफ्तार अपराधियों ने लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि घटना में उनके साथ एक और अपराधी शामिल था, जो व्यापारी की रेकी कर रहा था। गिरफ्तार अपराधियों से मिली इस जानकारी के आधार पर पुलिस फरार चौथे अपराधी की तलाश में जुटी है। बताया गया कि गुरुवार को भी तीनों अपराधी किसी व्यापारी को लूटने की मंशा से वहां घूम रहे थे, लेकिन इसी बीच में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। गिरफ्तार अपराधियों में रमण प्रताप बागती के विरुद्ध पिछले वर्ष तमाड़ थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में एक मामला दर्ज है, जबकि सहदेव सिंह मुंडा उर्फ गालू के विरुद्ध इसी वर्ष बंगाल के झालदा थाने में लूट का एक मामला दर्ज है।

# प्लस टू जनता हाई स्कूल प्रांगण में मनाई गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्यतिथि

## बच्चों ने लगाये कई फलदार व इमारती पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शुक्रवार को विश्रामपुर प्लस टू जनता हाई स्कूल प्रांगण में जन नायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पुण्य तिथि मनाई गई। साथ ही विश्रामपुर के जन नायक व स्कूल के संस्थापक महावीर पांडे की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया। महा पुरुषों के याद में कई फलदार व इमारती पौधे भी लगाए गए। सर्व प्रथम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर स्वच्छ भारत अभियान के सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षा विद संजय पांडेय व स्कूल के प्रधानाध्यापक डाक्टर भोला राय ने संयुक्त रूप से द्वीप परज्वलित कर माल्यार्पण किया। स्वच्छ भारत के सह संयोजक रविंदर नाथ उपाध्याय ने कहा की स्वतंत्रता सेनानियो व वीर शहीदों की जयंती व पुण्यतिथि हम लोग उन्हें नमन करते हुए उनके



याद में फलदार व इमारती पौधा लगा रहे है। संजय पांडेय ने मौजूद छात्रों से कहा कि आप सभी अपने अपने जन्म दिवस पर एक पौधा जरूर लगवाए। जो की शहीद महा पुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक डाक्टर भोला राय ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला और बच्चो को अपने घर पर भी खाली बचे जमीनों पर आम,अमरूद आदि के पौधो को लगाने की बात कही। मौके पर कमलेश उपाध्याय,शिक्षक रितेश कुमार, रिजवान अहमद, रितेश रिशु प्रसाद, प्रतिमा टोप्पो, इंदु कुमारी, हिमाशु विश्वकर्मा, अनिल कुमार, शंभू गार्ड, कमलेश उपाध्याय, निराज देवी, सरिता देवी, लालो राम, इसरार हवारी, दुर्गावती देवी, डीलर हरे कृष्णा राम, निवर्तमान वार्ड पार्षद देवनाथ यादव, सोना देवी सहित कई छात्र व छात्राओं कि मौजूदगी रही।

## आर वाई ए जिला में जन समस्याओं पर चलायेगी सघन अभियान

**मेदिनीनगर।** आर वाई ए के आजादी अभियान के रोड मैप की जानकारी, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी गई। आरवाईए का आजादी अभियान 15 अगस्त से रक्तदान शिविर कर, शुरू किया गया है। आजादी अभियान के माध्यम से आरवाईए , जिले के लचर स्वास्थ्य व्यवस्था से आजादी, प्रखंड-अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार से आजादी और सांप्रदायिक नफरत से आजादी को लेकर अभियान तेज किया है।

## आयुक्त व आईजी पहुंचे शहीद पुलिस सब इंस्पेक्टर के घर, बंधाया ढांढस

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** शुक्रवार को आयुक्त मनोज जायसवाल व पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव निवासी शहीद पुलिस सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी के घर पहुंचे। और उनके पिता,बाबा व अन्य परिजनों से मुलाकात की। शहीद सब इंस्पेक्टर के तस्वीर को नमन किया। साथ ही दुख की इस घड़ी से उबरने के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए, परिजनों को



ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस हृदय विदारक घटना में पूरी तरह

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों ने विधायक को सौपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ग्राम पंचायत सचिवालय ग्राम स्वयंसेवक अपनी मांगों को लेकर हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में विधायक कमलेश कुमार सिंह से मिलकर मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपे व सरकार तक उनकी मांगों को पहुंचाने का आग्रह किया। विधायक ने उनकी मांगों से सरकार को अवगत कराने के साथ उनके साथ हमेशा खड़े रहने की बात कही। मांग पत्र में कहा गया है कि विगत 7 वर्षों से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक अपनी सेवा दे रहे हैं। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का चयन झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के विज्ञापन संख्या पीआरआई 42305 (ग्रामीण विकास) 16-17 के द्वारा किया गया था। झारखंड प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत में संबंधित पंचायत के योग्य युवा एवं युवती को विहित प्रक्रिया द्वारा चयन किया गया था। पूर्व की झारखंड सरकार द्वारा स्वयंसेवकों को कार्य के बदले संबंधित विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। जिससे झारखंड के स्थानीय युवा एवं युवती के दो परिवारों का जीविकोपार्जन भरण-पोषण संभव नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि



झारखंड राज्य खनिज संपदा से परिपूर्ण है, बावजूद यहां के स्थानीय युवक एवं युवती ग्राम पंचायत में स्वयंसेवक के पद पर कार्यरत होते हुए बदहाली का जीवन जीने को विवश है एवं अपने नियोजन को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांच प्रखंड हरिहरगंज, हुसैनाबाद, पिपरा, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के सभी स्वयंसेवको ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की मांगों के संबंध में वार्ता करते हुए मांगें पूरी कराएं।

**पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की मुख्य मांगें :** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक के जगह नाम परिवर्तन कर पंचायत सचिवालय सहायक किया जाए। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का स्थायीकरण एवं समायोजन किया जाए। प्रोत्साहन राशि के बदले प्रत्येक माह उचित मानदेय देने की व्यवस्था किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के विधानसभा अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह, हैदरनगर अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, मोहम्मदगंज अध्यक्ष राजू कुमार, पिपरा, धीरज कुमार, हरिहरगंज श्यामलाल कुमार के अलावा गुड्डू कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता सहित सभी स्वयंसेवक मौजूद थे।

### चर्चा में आया खूंटी मॉडल

## उपायुक्त पलामू ने सुखाड़ पर प्रेस को जताये अपने सरोकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** यह पलामू जिला खूंटी मॉडल अपनाएगा? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि खूंटी के उपायुक्त शशी रंजन अपने तबादले के बाद पलामू के उपायुक्त है। एक चर्चा बहुत तेजी से फैल रही है और यह चर्चा है खूंटी मॉडल की। अभी हाल में पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने प्रेस को यह जानकारी दी कि वह इस बात को तलाश रहे हैं कि क्या यहां सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए बागवानी पर जोर देकर बागवानी का विस्तार किया जाए । उन्होंने चिंता व्यक्त क्योंकि जून और जुलाई और अगस्त के दूसरे सप्ताह तक वर्षा बिल्कुल ही उम्मीद से काफी कम रही है। जहां तक बागवानी की बात है तो शशि रंजन ने प्रेस को यह जानकारी दी कि कैसे वह खूंटी के उपायुक्त रहते उन्होंने बागवानी को बढ़ावा दिया। बागवानी में उन्होंने ड्रैगन फ्रूट बात कही। यह एक महंगा फल है। यहां ये कहना बहुत ही उचित होगा कि डेंगू के मरीज अपने खाने में ड्रैगन फ्रूट को शामिल करते हैं। उपायुक्त पलामू ने बताया कि खूंटी जिला इस समय ड्रैगन फ्रूट पैदा करने वाला एक बड़े उत्पादक के रूप में उभरा है। वह इस बात की तहकीकात कर रहे हैं कि क्या पलामू में भी ड्रैगन फ्रूट की खेती की जा सकती है, या करवाई जा सकती है। उन्होंने बताया वह चाहते हैं पलामू में कटहल के पौधे लगाए जाए। कटहल का कोवा खाया जाता है जबकि कटहल की सब्जी महंगी बिकती है। उन्होंने यह बात इस संदर्भ में कही कि ड्रैगन फ्रूट्स और कटहर इस समय सुखाड़ की स्थिति को रोकने में बिल्कुल सफल नहीं हो सकते, लेकिन भविष्य में इनकी उपज से आने वाले सुखाड़ जैसी स्थिति पर काफी हद तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संभाल के रखा जा सकता है। पलामू उपायुक्त ने यह भी बतलाया कि उन्होंने खूंटी जिले में चीकू जिसे सपाटू फल भी कहते हैं उनकी खेती करवाई। आज इस तरह की खेती की आवश्यकता पलामू में दिख रही है और यही वजह है की इस बात की चर्चा हो रही है कि क्या पलामू में खूंटी मॉडल अपनाएं जाने की उम्मीद है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि बड़ी नदियां जैसे कोयल, अमानत और एक दर्जन से भी ज्यादा छोटी-छोटी नदियां हैं। वह चाहते हैं की पलामू में इन नदियों के किनारे ककड़ी , तरबूज उगाया जाए। उन्होंने यह बताया कि नदी के किनारे उन्होंने तरबूज और परवल की उगाई खूंटी जिले में बड़ी सफलतापूर्वक कराया। पलामू की इन दो बड़ी नदियों के किनारे और छोटी-छोटी नदियों के किनारे यदि ककड़ी या तरबूज या परवल जैसी चीजें उगना शुरू कर दी जाए तो सुखाड़ जैसी स्थिति की भयावहता को कम किया जा सकता है। उपायुक्त इस बात को मानते हैं यहां धन की खेती बहुत प्रमुखता से की जाती है लेकिन इस बार वर्षा के अत्यधिक कम होने के कारण धान बहुत बुरी तरह प्रभावित हुआ। खेत का खेत बिना जोते कोडे हुए हैं। जिस किसान को दिन में खेत के कीचड़ो में होना था, वह किसान इस समय सड़क पर है। आने वाले समय में स्थिति गंभीर नहीं होगी यह कहना बहुत मुश्किल है। उन्होंने बताया कि सुखाड़ पर उनकी और उनके प्रशासन की गहरी नजर है। वह आने वाले कुछ सप्ताह में पलामू के 21 प्रखंडों में सुखाड़ के स्थिति का एक मुकम्मल सर्वे करवाने जा रहे हैं। जमीनी हकीकत को अंकित किया जाना है और फिर इसकी रिपोर्ट झारखंड सरकार को भेजनी है। ताकि सरकार सुखाड़ और उसमें मिलने वाली राहत के बारे में अंतिम निर्णय ले पाए। उपायुक्त शशि रंजन ने एक घास का भी जिक्र किया। यह घास है लेमनग्रास लेमन ग्रास, बहुत कीमती होता है, आसानी से उगाया जा सकता है और कुछ लाख की मशीनों से इसका तेल बखूबी निकाला जा सकता है। जिसकी मार्केट वैल्यू 10 सौ से लेकर 12 सौ प्रति लीटर होती है। उनका मानना है यदि पलामू में लेमनग्रास की खेती शुरू की जाए और इस घास से तेल निकालने संयंत्र ठीक-ठाक ढंग से बैठाया जाए तो काफी हद तक आने वाले समय में सुखाड जैसी समस्याओं पर काबू पाया जा सकता है।

## पूर्व महापौर ने कब्रिस्तान का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुवँ महापौर अरूणा शंकर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन रोड स्थित कब्रिस्तान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसे हम हिंदुओं का राजा हरिश्चंद्र घाट सुव्यवस्थित है वैसे ही मुस्लिम भाइयों का कब्रिस्तान भी सुव्यवस्थित होगा । प्रथम महापौर से वहां की देखरेख कर रहे इसराइल आजाद उर्फ मिंटू एवं आजाद खान ने बताया की कब्रिस्तान की लगभग सारी लाइट खराब हैं । कब्रिस्तान के अंदर रास्ते की स्थिति भी अच्छी नहीं, जिससे बरसात के दिनों में काफी दिक्कत होती है । इस पर पुर्व महापौर ने कहा कि मैं नगर आयुक्त से बात कर कब्रिस्तान की सभी लाइटों की मरम्मत करवाती हूं। साथ ही कब्रिस्तान के अंदर रास्ते में पेवर लगाने की बात करूंगी और अगर जरूरत पड़ी तो मैं अपने खर्चे से नया लाइट लगवाऊंगी।

## बड़ेपुर से भक्तों का जत्था बाबा धाम के लिए हुआ रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बड़ेपुर पंचायत के बड़ेपुर गांव से एक जत्था शुक्रवार को बस से रवाना हुआ। भगवा रंग में रंगे लोगों में गजब का उत्सव दिखा। जहां शिव भक्ति में लीन होकर रवाना होने के पूर्व नाचते गाते बोल बम के नारों को बुलंद किया गया। भोले एक सहारा जैसी मंगलध्वनी की गुंज के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। गांव में स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी भक्त बस पर सवार हुए। सुलतानगंज से जल उठाकर पैदल बैजनाथ धाम जायेंगे। रवाना होने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी सह पूर्व उपमुखिया राजीव सिंह, सुनील



सिंह, सुदेश्वर सिंह, विरेंद्र सिंह, श्रवन सिंह, दिनेश सिंह, छोटा बम वीर प्रताप सिंह, राजेश सिंह समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## भाजपा अध्यक्ष ने कंडा पंचायत कार्यालय में किया झंडोत्तोलन

**नावा बजार।** पलामू नावा बाजार प्रखंड स्थित कंडा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में 15 अगस्त के अवसर पर झंडोत्तोलन किया गया। इस झंडोतोलन कार्यक्रम में पूरी प्रखंड भाजपा कमेटी उपस्थित रही। झंडो तोलन के बाद सभी ने एक साथ राष्ट्रगान गाया इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि 15 अगस्त को हर एक इंसान को गुलामी की जंजीरों से आजादी मिली थी। हम एकता और अखंडता के साथ एक साथ उत्सव मनाए। इस मौके पर उपस्थित ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कर्मदेव चंद्रवंशी, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उप मुखिया पति सुनील सिंह, एसटी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, महामंत्री पंकज चंद्रवंशी, अशोक चौहान, मंत्री मनोज कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया मुन्ना भैया, बलराम सिंह, पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर सिंह, मंदिश चंद्रवंशी, परशुराम मेहता, पंचायत अध्यक्ष मनोज शाह, प्रखंड स्वयंसेवक उदय चंद्रवंशी, गुड्डू चंद्रवंशी, कुलदीप प्रजापति, अरुण साव,मीडिया प्रभारी संजीत कुमार गुप्ता, रणधीर यादव तथा सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी प्रखंड वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाइयां दें मिठाई बांटी गई।

## विधायक ने दो कब्रिस्तानों की चारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य पथ स्थित दाता नगर के समीप दो मुख्य कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिलान्यास किया। इसकी लागत 50 लाख रुपए के करीब होगी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह क्षेत्र की एक एक समस्या के प्रति गंभीर हैं। एनसीपी जात पात से परे विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उनका दरवाजा सभी के लिए खुला है। सभी का स्वागत है। उन्होंने विकास में सभी को भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने गुणवत्ता के साथ बेहतर कार्य करने की बात कहीं है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अब्बास अंसारी ,बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन, प्रो. निजामुद्दीन कई गणमान्य लोग शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत सुदृढ़ीकरण/विशेश मरम्मति के लिए तैयार किये जा रहे डी0पी0आर0 हेतु पथ का GEO Tag फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी किया जाना है तथा उसे पेन ड्राईव में लोड कर विभागीय मुख्यालय, राँची में समर्पित करना है।

अतः इच्छुक योग्यताधारी/अनुभवी विडियोग्राफर/फोटोग्राफर अपना न्युनतम दर पथ के लम्बाई (कि0मी0 आधारित) दिनांक 26.08.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं जो उसी दिन 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन आमंत्रण सूचना की शर्त्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 304977 (Rural Work Department)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।**

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–07/2023-24/RE-1

(अतिअल्पकालिक निविदा)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 25.08.2023 को कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 26.08.2023 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.08.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप॰ सं॰ | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हण्टरगंज | पंचायत–उरैली, ग्राम–लरसर में नया सूर्य मन्दिर से गंझू चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 587300.00 | 11800.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR 304927 Rural Development(23-24)D



**कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
( जिला कार्यकम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा
फोन न0:- 06561-222050,222051 मेल आई0डी0 :- cs.garhwa@gmail.com

पत्रांक :– —: निजी अस्पताल/नर्सिंग होम आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना :— दिनांक :–

Clinical Establishment Act 2010 के तहत गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स रे संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है। अतएव गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स js@vYVªklkm.M जॉच घर संस्थान आदि के संचालक को सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act 2010 के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण हेतु दिनांक 31.08.2023 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन ऑनलाईन www.clinicalestablishments.gov.inपर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में समर्पित कर दें। दिनांक 31.08.2023 के पश्चात् बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act 2010 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

नोट :–**X-Ray, Dental X-Ray, CT Scan & MRI** के संचालकों को **AERB** द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।

दण्ड प्रावधान

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है –

**प्रथम बार – 50,000/ रू0 तक**
**द्वितीय बार – 2,00,000/ रू0 तक**
**उत्तरवर्ती बार – 5,00,000/ रू0 तक**

सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स रे संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र समीप चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल कॉउसिंल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत्त सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

**नोट :– सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।**

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 304924 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



कार्यालय :– कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लातेहार
सयुंक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार–829206
Website :- www.atmalatehar.in E-mail :- atmalatehar@gmail.com

आवश्यक सूचना

राज्य मिशन निदेशक, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–151 राँची, दिनांक 24.07.2023 के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन–दलहन, मोटे अनाज, तेलहन एवं न्युट्री सिरियल योजना अन्तर्गत 50% अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों के बीच वितरण हेतु लक्ष्य प्राप्त है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | कृषकों को अनुदानित दरों पर दी जाने वाले कृषि यंत्र एवं अन्य | दलहन | | मोटा अनाज/पोषक अनाज | | न्युट्री सिरियल | | तेलहन | | कुल | अनुदान | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST, SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य | Other भौतिक लक्ष्य | ST, SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य | Other भौतिक लक्ष्य | ST, SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य | Other भौतिक लक्ष्य | ST, SC, Small & Marginal, Women भौतिक लक्ष्य | Other भौतिक लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य | मुल्य का 50% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनों में जो कम हो (ST, SC, Small & Marginal, Women) | मुल्य का 40% अथवा अधिकतम अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) दोनों में जो कम हो (Other) |
| 1 | पावर नेपसेक स्प्रेयर | 65 | 95 | - | - | - | - | 30 | 35 | 225 | 3100/- | 2500/- |
| 2 | मैनुअल स्प्रेयर | 235 | 360 | - | - | 1 | 1 | 35 | 50 | 682 | 750/- | 600/- |
| 3 | रोटावेटर | 5 | 5 | - | - | - | - | 9 | 12 | 31 | 42000/- | 34000/- |
| 4 | मल्टी क्रॉप थ्रेसर | 1 | 2 | - | - | - | - | - | - | 3 | 100000/- | 80000/- |
| 5 | Chisel plough | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | 2 | 10000/- | 8000/- |
| 6 | Ridge furrow planter | 1 | 1 | - | - | - | - | - | - | 2 | 30000/- | 24000/- |
| 7 | Seed Storage Bins | 35 | | - | - | - | - | - | - | 35 | 1000/- | 1000/- |
| 8 | Seed Treating Drum | - | - | - | - | - | - | 10 | 12 | 22 | 10000/- | 8000/- |
| 9 | स्प्रिंकलर सेट | 3 | | - | - | 1 | | 5 | | 9 | The cost for sprinkler irrigation system for 1ha would be Rs. 19542/- to Rs. 21901/- per ha depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | |
| 10 | पम्पसेट | 65 | | - | - | - | - | 65 | | 130 | 10000/- | |
| 11 | सिंचाई पाईप (HDPE) | 825 | | - | - | - | - | 985 | | 1810 mtr | 15,000/-(अधिकतम), 50रू प्रति मीटर HDPE पाईप, 35रू प्रति मीटर PVC पाईप, 20रू प्रति मीटर HDPE | |
| 12 | मोबाईल रेनगन | 3 | | - | - | - | - | - | - | 3 | Rs. 28681/- to Rs. 34513/- per ha depending on diameter of pipe used as per guideline under PMKSY | |
| 13 | थ्रेसिंग फ्लोर | 18 | | - | - | - | - | - | - | 18 | 57500/- | |
| 14 | मिनी दाल मील | 3 | | - | - | - | - | - | - | 3 | 95000/- | |
| 15 | Maize Sheller | - | - | 5 | 4 | - | - | - | - | 9 | 10000/- | 8000/- |
| 16 | Cultivator | - | - | - | - | - | - | 9 | 12 | 21 | 10000/- | 8000/- |

अतः किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि निम्न शर्तो के अनुसार योजना का लाभ लिया जा सकता है:–

1. आवेदन पत्र जिला कृषि कार्यालय में प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर जमा किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र के साथ पहचान हेतु एक फोटो, जमीन रसीद, बैंक पासपबुक, आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र का फोटोकॉपी जनप्रतिनिधि तथा प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से अभिप्रमाणित कराकर जमा करें।
3. प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/जनसेवक के द्वारा किसानो को कृशि यंत्र वितरण टोकन आधारित होगी।
4. अनुदान की राशि का भुगतान किसानों के खाते में DBT के माध्यम से किया जाएगा।
5. वैसे कृशकों को लाभान्वित किया जाएगा जो विगत तीन वर्शों से राश्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अन्तर्गत यांत्रीकरण का लाभ नहीं लिया हो शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
6. JSLPS/स्वयं सहायता समूह/FPO के कृशकों विशेशकर महिला कृशकों लाभुक चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
7. पहले आओ–पहले पाओ के सिद्धांत पर स्वीकृति दी जाएगी।

ह0/–
परियोजना निदेशक, आत्मा, लातेहार।

PR 304901 Agriculture(23-24)D

# 14 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में 14 वर्षीय नाबालिग के साथ मारपीट की गई। मारपीट के बाद कपड़े खुलवाकर नाबालिग को मुहल्ले में घुमाया गया। घटना 14 अगस्त की है, मामले का खुलासा 17 अगस्त को हुआ है। मामले में मेदिनीनगर शहर थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है।

**सीडब्लूसी ने आरोपी को भेजा नोटिसः** घटना को सीडब्लूसी ने संज्ञान ले लिया है और मामले में आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी किया है। जानकारी के अनुसार मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के शिवाजी मैदान के इलाके में नाबालिग 14 अगस्त की शाम ट्यूशन पढ़ने के बाद अपने एक दोस्त के पास जा रहा था। इसी क्रम में नीरज जायसवाल नामक व्यक्ति ने नाबालिग को रोका और जमकर पिटाई कर दी। नीरज जायसवाल के पास सरकारी बॉडीगार्ड और कई अन्य निजी बॉडीगार्ड हैं। नीरज जायसवाल के साथ सरकारी और निजी बॉडीगार्ड ने मिलकर नाबालिग की पिटाई की। सरकारी

**बॉडीगार्ड पर भी कार्रवाईः** पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद नाबालिग को कपड़े खुलवाए गए और मोहल्ला में घुमाया गया है। नाबालिग के चेहरे पर गंभीर रूप से चोट आई है और उसका इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में किया गया। इस घटना के बारे में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरे मामले में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की अनुसंधान कर रही है। 341, 342, 325, 307, 507, 504, 34 के धाराओं में नीरज जायसवाल और बॉडीगार्ड के खिलाफ एफआईआर हुआ है।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम-पंचायत बन्दुआ के ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत की कि बन्दुआ में अवैध रूप से क्रशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है,इस क्रशर प्लांट में ब्लास्टिंग से घरों में दरार जैसी समस्याएं आ रही हैं। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के शकीला बीबी ने उपायुक्त से सर्वजन पेंशन योजना के तहत विधवा पेंशन की स्वीकृति देने की गुहार लगाई। विश्रामपुर अंचल के ग्राम पंजरी खुर्द निवासी सुरेंद्र नाथ पाठक ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत कराने का निवेदन किया। हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही निवासी रामसुंदर राम ने उपायुक्त से जमीन सीमांकन करवाने की गुहार लगायी। इसी तरह सतबरवा प्रखण्ड की ग्राम धावाडीह निवासी बसंती कुंवर ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।



# आग की चपेट में आकर मां बेटी गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जानकारी के अनुसार महुआदाड़ निवासी स्वर्गीय रामनिवास प्रसाद की पत्नी प्रमिला देवी उम्र 50 वर्ष और उसकी बेटी रूपा कुमारी उम्र 20 वर्ष आग से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि स्वर्गीय रामनिवास प्रसाद की मौत हो जाने के बाद पत्नी प्रमिला देवी अपने घर में किराना दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण कर रही थी। इसी बीच 16 अगस्त की रात करीब 11:00 बजे प्रमिला देवी के दुकान में एक युवक डीजल खरीदने पहुंचा। डीजल देने के लिए प्रमिला देवी मोमबत्ती लेकर दुकान में पहुंची तभी दुकान में रखें पेट्रोल में अचानक आग लग गई।आग की चपेट में आकर प्रमिला गंभीर रूप से घायल हो गई उसे बचाने आई बेटी रूपा भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ उनके घर पर उमड़ पड़ी। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायल मां बेटी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। जहां उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी दोनों मां बेटी की स्थिति गंभीर बनी हुई।

### ग्रामीण कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए

# उपायुक्त ने प्रशिक्षुओं को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों के 80 युवाओं को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल प्रशिक्षण के लिए समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रशिक्षणार्थी रांची व रायपुर में स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन्हें विभिन्न ट्रेड जैसे सिलाई, सहायक नर्स, इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयर तथा पैकर आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आप सभी अपने क्षेत्र के कार्यकुशल हो जायेंगे, जिससे आपको रोजगार प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश शुक्ला समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय इकाई द्वारा स्नातक सत्र 2023-27 नामांकन सहित महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न विषयों को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य के समक्ष विरोध के बाद ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में स्नातक 2023-27 के नामांकन मे सीयूईटी शामिल होने वाले विद्यार्थियों सहित चांसलर पोर्टल के माध्यम से आने वाले विद्यार्थियों की भी नामांकन सुनिश्चित करने,आदि की मांग की। कार्य समिति सदस्य विनीत पांडेय, जिला संयोजक सुमित ए मौके पर मौजूद थे।

# 15 वर्षों बाद हुई पेयजलापूर्ति बहालः पूर्व महापौर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुर्व महापौर अरुण शंकर ने शुक्रवार को निगम द्वारा पत्थर मिल रोड एवं कुम्हार टोली में निगम द्वारा लगाई गई नए पाइपलाइन को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर की और कहा आज तक इस एरिया में किसी ने पानी दिलाने का पहल नहीं किया। जब यहां के लोगों ने मुझे आकर अपनी व्यथा बताई और मुझे लगा चंद खर्चे में इन्हें पानी उपलब्ध कराया जा सकता तो निगम का ध्यान आकृष्ट कराया और आज कार्य संपन्न हो गया। यहां कल से पानी मिलना शुरू हो जाएगा, जिसकी मुझे खुशी है। वहां के लोगों ने कहा कि यहां ज्यादा लाल कार्ड वाले रहते हैं इसलिए दोनों जगह स्टैंड पोस्ट की व्यवस्था कराई जाए। जिस पर पुर्व महापौर ने नगर आयुक्त से बात कर पोस्ट लगवाने का भरोसा दिलाया कि जल्द क्रमबद्ध तरीके से जहां जहां पानी छोटे-छोटे पाइप लाइन से पहुंचाया जा सकता वहां-वहां नगर आयुक्त से बात कर पानी पहुंचाने का कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर जयंत प्रसाद, शंभू , रंजीत कुमार, सुबोध गुप्ता, नीरज कुमार ,संजय एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जहरीले पदार्थ का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खजुराही निवासी संतोष भुइयां की पत्नी संगीता देवी उम्र 25 वर्ष जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम संतोष भुइयां और उसकी पत्नी संगीता देवी के बीच कुछ बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद संगीता अपने घर का दरवाजा बंद कर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली, जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए हुसैनाबाद अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला संगीता देवी की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



राजेन्द्र पांडे उर्फ जितेन्द्र पांडे
मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष, पंचायत तेतराई पांकी पलामू।

**NEWS इन ब्रीफ**

## नाबालिग लड़की को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**पाटन।** नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय रजक ने पप्पू भुइयां पिता स्वर्गीय संतोषी भुइयां, ग्राम सेलारी, थाना तरहसी, पलामू नामक अभियुक्त द्वारा नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। लड़की के पिता रामचंद्र भुइयां ग्राम सोनपुरवा थाना नावा जयपुर के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# बाहर काम करने जा रहे मजदूर की ट्रेन में दम घुटने से मौत, गांव में मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अपने पेट की भूख मिटाने के लिए बाहर कमाने जा रहे अत्यंत गरीब युवक दिलीप भुइयां उम्र 32 वर्ष की ट्रेन में दम घुटने की वजह से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी निवासी लालमुनि भुइयां का पुत्र दिलीप भुइयां 16 अगस्त की रात शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर परिवार का भरण पोषण करने के लिए बाहर कमाने जा रहा था। शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन में काफी भीड़भाड़ थी। भीड़ की वजह से जबलपुर स्टेशन के आसपास दम घुटने की वजह से ट्रेन में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद ट्रेन में बैठे यात्रियों के द्वारा इस घटना की जानकारी रेलवे पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस ट्रेन में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जबलपुर हॉस्पिटल भेज दिया। वहीं मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण, कंकारी मुखिया कुसुम देवी और उनके पति समाजसेवी शिव कुमार चौधरी सभी एक जगह इकट्ठा होकर मृतक के शव को जबलपुर से लाने की प्रक्रिया में जुट गए है। मुखिया और ग्रामीणों के द्वारा चंदा इकट्ठा कर उसके शव को जबलपुर से मंगवाया जा रहा है।वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताते चले कि दिलीप भुइयां का परिवार अत्यंत गरीब है। दिलीप अपने पीछे पत्नी दो बच्चा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। ग्रामीण दिलीप के शव के आने का इंतजार कर रहे हैं।वहीं मुखिया कुसुम देवी ने मृतक दिलीप भुइयां के परिवार को सरकारी लाभ दिलाने के साथ-साथ आर्थिक सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

### बालगृह के अधीक्षक की पहल से

# अनाथ अजय को मिला शिक्षा का सहारा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में संचालित वातसल्य धाम बालगृह में रहने वाले 7 वर्षीय बालक अजय भुइया को अधीक्षक रामबाबू के प्रयास से शिक्षा का सहारा मिल गया है। अजय ने आज शुक्रवार से स्कूल जाना शुरू कर दिया है। उसके मुफ्त शिक्षा की जिम्मेदारी शहर के रेडमा दो नम्बर टाउन में संचालित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल के निदेशक रवि कुमार निराला ने उठाई है। वहीं सुदना निवासी लक्की शुक्ला ने पुस्तक और एसके सिंह तथा अखिलेश कुमार प्रजापति ने अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान किया। इस बाबत बालगृह के अधीक्षक श्याम बाबू ने बताया कि अजय अनाथ है। उसे बाल संरक्षण की पलामू इकाई द्वारा 8 जून को बालगृह को सौपा गया है। उन्होंने बताया कि अजय तीक्ष्ण बुद्धि का बालक है। उसकी पढ़ाई में काफी रूचि है।उसकी प्रतिभा को देखते हुए उन्होंने उसे किसी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाने कि पहल की तो उपरोक्त लोग आगे बढ़कर आये और अजय की मुफ्त शिक्षा को अपना हाथ बढ़ाया। श्याम बाबू ने इसे सामाजिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे उनका भी मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जिले की नवनियुक्त समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान से उन्हें काफी प्रेरणा मिली है। उन्होंने बालगृह के कर्मियों उत्तम कुमार, सीमा कुमारी एवं रिया सिंह को विशेष धन्यवाद देते हुए ऐसे पुनीत कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है ताकि बालगृह के अन्य बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मुहैया कराई जा सके।

'मेसर्स सदाफल चिप्स क्रेसर' की ओर से बारियातू बालूमाथ प्रखंडवासी एवं देशवासियों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।
स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें। जय हिंद



सुमित कुमार
समाजसेवी सह व्यवसाई
बारियातु, बालूमाथ।

बालूमाथ प्रखंडवासियों और जिलावासियों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
सबका साथ सबका विकास



लक्ष्मण कुशवाहा
भाजपा मंडल अध्यक्ष, बालूमाथ।



अमित कुमार
एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, बालूमाथ, लातेहार।

बालूमाथ क्षेत्रवासी एवं देशवासियों को आजादी की 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
भय मुक्त समाज के निर्माण में आइए भागीदारी निभाएं।



रामजी ठाकुर
पिकेट प्रभारी मकैयाटांड़ थाना, बालूमाथ।

आप सभी सीसीएल कर्मी, मगध भू-रैयत विस्थापित प्रभावित समस्त क्षेत्रवासियों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
आइए सब मिलकर क्षेत्र का करें विकास।



रवि प्रकाश
प्रवक्ता-रैयत विस्थापित संघर्ष समिति आरा मगध, बालूमाथ।

**बदहाली** चैनपुर मुख्य पथ का हाल, सड़क में गड्ढा या गड्ढे में सड़क पता करना मुश्किल

# पूर्व जिला पार्षद ने समर्थको संग सड़क पर धनरोपनी कर जताया विरोध



**ओवरलोड हाईवा सड़क की दुर्गति का कारण : शैलू**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।।** प्रमंडलीय मुख्यालय से सटे चैनपुर के मुख्य मार्ग की सड़क का खस्ता हाल है। वैसे तो कोयल पुल के बाद से ही सड़क की स्थिति जर्जर हो गई है, किन्तु चैनपुर तक पहुंचते सड़क गड्ढो से भर गई है। इसमें चैनपुर थाना के पास से नेउरा तक तो सड़क का हाल ऐसा है कि सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क है राहगीरों को पता नहीं चल पाता और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। विडंबना तो यह है कि छतीसगढ़ को जोड़ने वाली इस सड़क से प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं सांसद, विधायक व मंत्री तक गुजरते हैं। हाल के दिनों में इसी मार्ग से झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल भी गुजरे हैं फिर भी इस सड़क का पुनरनिर्माण तो दूर कामचालाऊ मरम्मत कराना भी जिला प्रशासन ने मुनासिब नहीं समझा है। इस सड़क की जर्जर व खतरनाक हालत पर विरोध जताते हुए शुक्रवार को चैनपुर के पूर्व जिला पर्षद शैलेन्द्र कुमार शैलू के साथ स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर धान की रोपनी की। मौके पर श्री शैलू ने कहा कि यह सड़क छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ता है। प्रतिदिन इस सड़क से होकर हजारों छोटी एवं बड़ी गाड़ियां गुजरती हैं। सड़क खराब होने के कारण कई बार सड़क दुर्घटना हो चुकी है। इतना ही नहीं लगभग सभी स्कूल की बसें, अभिभावक एवं स्कूल के बच्चे इसी सड़क से होकर प्रतिदिन गुजरते हैं। सड़क पर वर्षा के पानी गड्ढे में भर जाने के बाद छोटी एवं दोपहिया वाहनों को सड़क पार करने में बहुत कठिनाइयां होती है। उन्होंने कहा कि खराब सड़क का मुख्य कारण हाइवा ट्रक में क्षमता से अधिक माल ढुलाई है। प्रतिदिन 1000 से अधिक हाईवा का परिचालन किया जाता है जिस सड़क की क्षमता 15 टन की है वहां 40 से 50 टन माल भरकर हाईवा ट्रक से पत्थर ढुलाई किया जाता है। प्रशासन कार्रवाई की जगह संरक्षण दे रहा है। जबकि सभी हाईवा ट्रक चैनपुर थाना, चैनपुर प्रखंड कार्यालय एवं वन विभाग के चेक पोस्ट से होकर गुजरती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि अभिलंब सड़क का मरम्मत किया जाए एवं हाईवा ट्रकों का मार्ग बदलकर दूसरा मार्ग किया जाए ताकि सड़क की स्थिति अच्छी बनी रहे। मौके पर राजेश कश्यप, सुशील कश्यप, देवव्रत प्रसाद, सुमित ठाकुर, राजमणि कमलापुरी, सुरेश दास, मानमती कुंवर, बिद्दू चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी इरशाद आलम, दानिश आलम, राजकुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



बनवीरवा मध्य विद्यालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामना।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



रीना देवी
मुखिया पति युवा समाजसेवी रिंकू सिंह पंचायत पगार खुर्द पांकी पलामू ।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



निशा रानी
वार्डन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



मरियम बीबी
मुखिया पति पूर्व मुखिया हफीजुल अंसारी, पंचायत सकलदीप पांकी पलामू।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों समेत सभी प्रखंड वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



प्रमिला देवी
मुखिया पंचायत नुरु पांकी पलामू।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई।



## प्रमुख ने किया औचक निरीक्षण तो गंभीर मिली स्थिति

# कस्तूरबा विद्यालय में अव्यवस्था का आलम

### बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़





**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** प्रखंड प्रमुख शोभा ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवनाथपुर का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने बालिकाओं के विश्राम कक्ष, भोजन कक्ष, पुस्तकालय, अध्ययन, व्यवसायिक कक्ष, रसोईघर, शौचालय, पेयजल एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। प्रमुख ने निरीक्षण के दौरान रसोईघर और विद्यालय परिसर में कई जगह पर गंदगी को देखते ही प्रमुख शोभा देवी ने प्रभारी वार्डेन पूनम कुमारी को कड़ी फटकार लगाई और विद्यालय को साफ सुथरा रखने का निर्देश दिया। और साथ ही भोजन की मीनू चाट की मांग की, जिस प्रभारी वार्डन पूनम कुमारी ने कहा कि बिना मीनू चाट का खाना बनता है और ऐसे ही बच्चों को खाना खिलाया जाता है। और साथ ही अन्य शिक्षिकाओं एवं छात्राओं से कई मुद्दों पर पूछताछ की। वार्डेन ने विद्यालय के विधि व्यवस्था में संपूर्ण गतिविधि से प्रमुख को अवगत कराते हुए कई बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

वहीं निरीक्षण के क्रम में ही बच्चों ने प्रमुख को बताया कि अंग्रेजी का कोई भी शिक्षक नहीं है और खाना बनाते समय शाम को हमलोग से भी काम कराया जाता है और गुणवत्ताविहीन खाना खिलाया जाता है और विद्यालय की साफ सफाई में भी कभी कभी काम कराया जाता है। इस पर प्रमुख ने कड़ी फटकार लगाते हुए वार्डन पूनम कुमारी और लेखपाल विनय गुप्ता को विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल कायम रखने का निर्देश दिया और साथ ही बच्चों को बेहतर शिक्षा, भोजन, पोशाक सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने को कहा ताकि बच्चों को परेशानी न हो। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की विधि व्यवस्था से प्रमुख असंतुष्ट दिखे। उन्होंने बताया कि कस्तुरबा गांधी विद्यालय की स्थिति काफी निंदनीय है। वार्डन महीनों से छुट्टी पर है। यहां पर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। मामला काफी गंभीर है। प्रमुख ने इस पर कहा कि विद्यालय में सुधार के लिए अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच करायी जायेगी। निरीक्षण के दौरान उपप्रमुख पिंटु टोप्पो मौजूद थे।

**क्या कहते हैं शिक्षा पदाधिकारी** : शिक्षा पदाधिकारी आकाश कुमार ने बताया कि अगर मीनू के द्वारा खाना नहीं मिलता है तो यह बहुत सोचनी विषय है। अगर जांच में इस प्रकार का सत्य पाया जाता है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल अगर स्थानीय पाए जाते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया

**धुरकी।** थाना अंतर्गत राजकियकृत+2 उच्च विद्यालय धुरकी में सड़क सुरक्षा, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसे विषयों पर शुक्रवार को थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि हमेशा याद रखना चाहिए कि डायन बिसाही कोई चीज नहीं है। यह एक अंधविश्वास है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि जिंदगी अनमोल है। सड़क पर चलने समय या बाइक चलाने समय हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए। वहीं ट्रैफिक नियमों का पालन करना अपनी आदत में डालें, जिससे आपकी जहां अनुशासित होने का परिचय होगा।

## किसानों ने की इंद्रदेव की पूजा, बारिश की कामना




**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** प्रखंड के हासनदाग गांव मे शुक्रवार को ग्रामीणों ने इंद्रदेव की पूजा की ताकि क्षेत्र में वर्षा हो। गौरतलब हो कि मेराल प्रखंड में अत्यंत कम वर्षा होने के कारण कृषि कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। धान रोपने का नक्षत्र अश्लेषा की समाप्ति के बाद किसान काफी परेशान हैं। यही कारण है कि लोगों ने शुक्रवार को मेघ के मालिक इंद्रदेव की विधिवत पूजा अर्चना करने के साथ वर्षा की कामना की। आचार्य मृत्युंजय पांडे द्वारा गोवर्धन पूजा, वरुण पूजा तथा इंद्र पूजा कराया गया। आयोजन को संपन्न कराने में यजमान विवेकानंद चौबे, अश्विनी चौबे के अलावे प्रणय चौबे, मनदीप चौबे, उप मुखिया अविनाश चौबे, रंजीत कुमार चौबे, द्वारिका चौबे, सुरेंद्र नाथ चौबे, तीर्थराज चौबे, द्वारिका चौबे, देवव्रत चौबे, प्रमोद चौबे, दिपेश चौबे, बीडीसी नंदू चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, सुदर्शन विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश चौबे, राजेंद्र चौधरी, रिझन चौधरी, शिवनाथ चौधरी, अभिनव चौबे, दिवाकर चौबे, सुरेश विश्वकर्मा, शिवमूरत चौधरी, नूतन चौबे, श्यामसुंदर चौबे, गोधन चौधरी ने भूमिका निभाई।

## बेरिकेडिंग से टकरा कर एक घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय गेट स्थित शिव मंदिर के सामने मुख्य पथ पर खड़े बेरिकेडिंग से टकराकर एक बाइक चालक घायल हो गया। घटना गुरुवार देर शाम की है। घायल का स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सको ने गढ़वा रेफर कर दिया। बाइक सवार संजीव मिश्रा (35) जो सहरसा का रहने वाला है, जेटवर्क मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट कंपनी में जिला स्टोर इंचार्ज है। उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सीधे सड़क पर खड़ी बेरिकेडिंग से टकरा गया। उपस्थित लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## नल-जल योजना का हुआ शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** प्रखंड के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने तीन करोड़ रुपये की लागत से नल-जल योजना का शिलान्यास गांव के बुजुर्ग ग्रामीण नरेश पासवान से कराया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि झामुमो सरकार और मंत्री मंत्री मिथलेश ठाकुर पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम का संचालन इग्नासुस बाड़ा ने किया, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने की। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, बिनोद चौधरी, भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, बसंत यादव, अरुण सिंह, रामचंद्र सिंह, विकास सिंह, बैजू गुप्ता, आनंद चौधरी, कृष्णा यादव, इग्नासुस बाड़ा, सुनील द्विवेदी, कलामुद्दीन अंसारी, सुशील यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ओम प्रकाश गुप्ता
जिला अध्यक्ष क्रीड़ा मोर्चा
विधायक प्रतिनिधि
कला संस्कृति, खेलझ्रकूद, युवा कार्य विभाग गढ़वा

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
भानु प्रताप शाही
विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र।

जय हिन्द | जय भारत | जय झारखण्ड
15 अगस्त
समस्त झारखण्ड वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
- श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर
मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार
- सह - विधायक, गढ़वा विधानसभा
निवेदक : झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, जिला कमिटि, गढ़वा

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
पंकज कुमार
प्रज्ञा केंद्र संचालक, पंचायत मझिगावां, खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
जितेन्द्र प्र. यादव
विधायक प्रतिनिधि
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रवीण कुमार
प्रखंड समन्वयक, पंचायती राज, प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रतीक हॉस्पिटल
रंका मोड़ पेट्रोल पम्प के पीछे, गढ़वा।
भर्ती, ऑपरेशन, एम्बुलेंस, ओपीडी इमरजेन्सी सेवा 24 घंटे उपलब्ध
PRATEEK HOSPITAL
निवेदक
डा. दिनेश कुमार
एमबीबीएस (एमडी)
संचालक
प्रदीप कु. पाठक

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
देवदत्त प्रसाद आर्य
उपप्रमुख
प्रखंड खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
संतोष कु. सिंह
मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत राजी, प्रखंड खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
उमेश कुमार
जीपीएस
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
श्री बंशीधर ऑटो
हीरो एजेंसी भवनाथपुर
मो. नं.-7631193768
9155197204
प्रो. मनीष कुमार
हीरो एजेंसी
भवनाथपुर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कुलदीप सिंह
पीडीएस डीलर, ग्राम मझिगावां
प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रामगहन मेहता
मुखिया, पंचायत चन्दनी,
प्रखंड खरौंधी गढ़वा।

प्रदेश अमीन संघ की ओर से 77वां स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश एवं देश वाशियों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
प्रदेश अध्यक्ष
अमीन संघ झारखंड प्रदेश
मो. नं. - 7677185084

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
ललित नारायण सिंह
उर्फ ददन सिंह, मुखिया अमहर खास पंचायत विशुनपुरा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कामेश्वर प्र. सिंह
प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय मझिगावां, खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मंजू देवी
मुखिया
पंचायत खरौंधी गढ़वा।

तैबा हॉस्पिटल
डॉ. यासीन अंसारी
पता- मदरसा रोड, बस स्टैंड के पास गढ़वा (झारखंड)
मो.: 7050466650, 9006668685
74 वें गणतंत्र दिवस पर प्रखंड वासियों समेत समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. अरशद अंसारी
MBBS MD (Medicine) DFM
Consultant Physician
डायबिटिज, छाती, पेट एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. माहेरू यमानी
MBBS MS DNB(I)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
Cardio-Diabetic Clinic & Infertility Clinic

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
कृष्णा राम
पंचायत समिति सदस्य, पंचायत मझिगावां, प्रखंड खरौंधी, गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
बिंदा देवी
मुखिया, पंचायत मझिगावां
खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मोतीचंद जायसवाल
प्रधानाध्यापक, मध्य विद्यालय चन्दनी, प्रखंड खरौंधी।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
नीरज कुमार
(प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस)।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ सुनील कुमार
सदभावना हॉस्पिटल
भवनाथपुर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रो. अलियास अंसारी
अंसारी ट्रेडर्स
भवनाथपुर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
अभय कुमार
थाना प्रभारी
खरौंधी गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
रवि शंकर कुमार
मनरेगा बीपीओ प्रखंड
भंडरिया।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रभु दयाल
कार्यकारी अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ जिला गड़वा पंचायत बिजका एवं मादगड़ी क प्रखंड भंडरिया।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. रवि शंकर दास
( जय गुरु मेडिकल)

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
शशि दुब
( विस सूत्री सदस्य )

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सरिता देवी
(मुखिया पंचायत मकरी)
निवेदक. धनंजय साह।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
भानु प्रताप शाही
विधायक भावनाथपूर भाजपा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
महेश यादव
बीडीसी एवं समाजसेवी पंचायत फकीराडिह प्रखंड भंडारिया।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रखंड कार्यालय परिवार
विशुनपुरा
गढ़वा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
विक्रांत सिंह
उर्फ सोनू सिंह
समाजसेवी विशुनपुरा।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
प्रमोद कुमार
रेंजर भवनाथपुर।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
मुंगा साह
मुखिया मुकुन्दपुर पंचायत सह भाजपा ओबीसी मंडल अध्यक्ष, केतार।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
सरिता देवी
मुखिया पंचायत अरसली दक्षिणी भवनाथपुर, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सोना किशोर यादव।

## प्रशासन कसेगा नकेल, एक्शन प्लान तैयार; जल्द होगा लागू

# स्टंटबाज/नाबालिग बाइक राइडर्स की अब खैर नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
शहर के मुख्य एवं अन्य ग्रामीण सड़कों पर स्टंट करने वाले और नाबालिग बाइक राइडर्स की अब खैर नहीं है। जिला परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से स्पेशल ड्राइव चलाकर इन बाइक राइडर्स पर कार्रवाई करने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। जल्द इसे लागू किया जायेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने नवीन मेल से बातचीत करते हुए बताया कि आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह प्लान तैयार किया गया है। खास लोकेशन को चिन्हित कर बिना हेलमेट व जरूरी काजगातों के बगैर चलने वाले बाइक राइडर्स के खिलाफ वाहन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। थाना प्रभारी आशुतोष ने भी ऐसे बाइक चालकों पर कार्रवाई करने की बात कही है।





**पोलिटेक्निक व रेलवे स्टेशन रोड में बाइक से सबसे अधिक होती है स्टंटबाजी :** शहर के राजकीय पोलिटेक्निक व रेलवे स्टेशन रोड में अक्सर स्टंटबाज बाइक राइडर्स को देखा जा सकता है। इनमें कई यूट्यूबर होते हैं, जो यूट्यूब में वीडियो अपलोड करने के लिए खतरनाक स्टंट करते हैं। एनएच-75 के अलावा परसही रोड व नवोदय रोड में भी नाबालिग बाइक राइडर्स स्टंट करते दिखते हैं। इन बाइक राइडरों में अधिकांश हाई स्कूल व कॉलेज के छात्र होते हैं।

**जनवरी से अप्रैल तक सड़क दुर्घटना में 106 लोगों की गयी जान :** परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 में कुल 112 सड़क दुर्घटनाएं हुई थी और इसमें कुल 92 लोगों की जान गयी थी. वहीं वर्ष 2022-23 में अप्रैल माह तक यानी चार माह में कुल 127 सड़क दुर्घटनाएं हुई है, जिसमें 106 लोगों की जान गयी है। ये आंकड़े बता रहे हैं कि लातेहार जिला में साल दर साल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इसका प्रमुख कारण तेजी व लापरवाही से ड्राइविंग करना और हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाना है। इनमें से अधिकतर दुर्घटनाएं शाम के समय शराब पीकर वाहन चलाने के कारण हुई है। इस समय लोग अपने घरों की ओर लौटते हैं।

**तीन ब्लैक स्पॉट हैं :** लातेहार जिले में राज्य स्तर पर तीन ब्लैक स्पॉट तय किये गये हैं। इनमें मनिका का लाली से नामूदाग, बरवाडीह का केचकी से बरवाडीह तक और लातेहार का करकट क्षेत्र शामिल है। सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर मौतें हेलमेट व सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण होती हैं।

## ट्रांसफार्मर के सामान की चोरी, बिजली मिस्त्री पर जताया शक

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप उराव टोला ग्राम में बीते रविवार को चोरों के द्वारा ट्रांसफार्मर में लगे अंदर के सामान की चोरी कर ली गई। ग्रामीणों ने बिजली मिस्त्री पर आशंका जताई है। ग्रामीणों ने सदर थाना में लिखित आवेदन देते हुए कहा कि 13 अगस्त की सुबह तकरीबन 11 बजे तक लाइट नहीं आई तो हम लोग ट्रांसफर के पास गए तो देखें कि ट्रांसफार्मर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। इससे साफ है कि ट्रांसफार्मर में लगे अंदर के समान की चोरी कर ली गई है। यहां तक कि ट्रांसफार्मर से 11 हजार तार का कनेक्शन भी नहीं हटाया गया है। पतरातू उरांव टोला में जल नल योजना की टंकी बैठाने का कार्य चल रहा है। इसमें ठेकेदार को लाइन से दिक्कतें हो रही थी। शनिवार को ठेकेदार के द्वारा लाइन काटने के लिए बिजली मिस्त्री मनोज भगत को बुलाया गया। उसके द्वारा 12 अगस्त की शाम 4 बजे लाइन काट कर दुबारा शाम 7 बजे लाइन जोड़ दिया जाता है। उसी रात 1 बजे से दिन रविवार 1:30 बजे तक लाइट कट जाती है। उसके बाद से लाइट नहीं आती है तो ग्रामीणों की आशंका है कि मिस्त्री द्वारा डीही मूरूप लाइन को शटडाउन लेकर ट्रांसफार्मर के सामान की चोरी कर ली गई है।

# बडकरीया नदी में अचानक बाढ़ आने से बर्तन धोने गई महिला बाल-बाल बची

## घंटों बाद पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से निकाली गयी सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**
मयूरहंड थाना क्षेत्र के बडकरीया नदी पेटादेरी घाट में अचानक बाढ आ जाने के कारण शुक्रवार को बर्तन मांज रही एक महिला बीच नदी में फस गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेटादेरी की मंजु देवी बडकरीया नदी में बर्तन व कपड़ा धो रही थी। तभी अचानक नदी में तेज धार में अत्यधिक पानी आ गया, तो अचानक पानी का आवाज सुनकर महिला नदी के बिच में बने टिलहे पर खड़ी होकर बचाव के लिए आवाज लगाने लगी। नदी के बगल में घर होने के कारण महिला की आवाज घर वालों ने सुना और ग्रामीणो को जानकारी दी। उसके बाद सूचना पाकर काफी संख्या में ग्रामीण नदी पहुंच, महिला को बचाने का प्रयास करने लगे और स्थानीय थाना में घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणो के सहयोग से घंटो कडी मशक्कत के बाद नदी में फंसी महिला को सुरक्षित निकलवाने में सफल हुवे। ग्रामीणों के अनुसार महिला जहां फंसी थी वहां पहुंच पाना कठिन हो रहा था। नदी में लगभग दस फीट पानी तेज धार के साथ बह रहा था। किसी तरह टीव को रस्से से बांधकर पुलिस व पेटादेरी के युवाओं ने महिला को बाहर निकालने में कामयाब रहे। ज्ञात हो कि नदी से अवैध बालू उठाव होने से नदी कहीं गड्ढा तो कहीं टिलहे का आकार ले रखा है। उसी टिलहे पर महिला सुरक्षित घंटो फंसी रही। महिला को सुरक्षित बाहर निकालने में ग्रमीणो व पुलिस प्रशासन ने अहम भूमिका निभाई।



## वीडियोग्राफी डेकोरेशन प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगडा(चतरा)**
शुक्रवार को पत्थलगडा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बेलहर गांव स्थित देवी मण्डप चौक में श्यांस ऑनलाईन सेन्टर एंव वीडियोग्राफी डेकोरेशन प्रतिष्ठान का उद्घाटन हुवा। प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी, जिप सदस्य, बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य व विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पूर्व प्रतिष्ठान के संचालक शिशुपाल कुमार व उनके माता-पिता के द्वारा विधिवत पूजा पाठ की गई। इस अवसर पर संचालक ने बताया कि हमारे यहां आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जाति, आवासीय, आय कार्ड समेत सभी तरह के फार्म ऑनलाइन के साथ वीडियोग्राफी व डेकोरेशन का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर बीडीओ ने संचालक को बधाई देते हुवे कहा की इस प्रतिष्ठान के खुलने से स्थानीय लोगों को ऑनलाइन से संबंधित कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी। अब इस सेन्टर से ही जरूरत के अनुसार लोग फार्म ऑनलाईन कर सकते हैं। मौके पर प्रदीप यादव, राजेन्द्र राम, कमलेश सिंह, पिन्टू सिंह, जानकी दांगी, गोविंद दांगी, पम्पल कुमार, श्रीकांत कुमार, कैलाश यादव, नवीन कुमार, इश्वर, सोनू उपस्थित थे।



# मतकोमा में दूसरे दिन भी हाथियों का उत्पात

## गुरुवार की रात्रि तीन मजदूरों के घरों को किया ध्वस्त, फसलों को भी रौंद डाला

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
इन दिनों बारियातु प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों ने उत्पात मचा कर गरीब, किसानों को रहना मुश्किल हो गया है। जंगली हाथियों के उत्पात के इसी क्रम में बीते गुरुवार की रात्रि प्रखंड के पंचायत फुलसु अंतर्गत मतकोमा ग्राम में हाथियों के झुंड ने उत्पाद मचाते हुए तीन मजदूर राजु गंझु, पिता बुधन गंझु, ब्रजेश गंझु पिता मुनेश्वर गंझु, संतोष गंझु पिता साधो गंझु के घरों को से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज सहित कई घरेलू सामान के अलावा पास में खेत में लगी फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे तीनों मजदूरों को अपने परिवार के साथ बरसात के मौसम में सर छुपाने के लिये कोई जगह नहीं रही। तीनों पीड़ितों को लगभग 1 लाख पच्चास हजार रुपये का नुकसान हुआ है।



पीड़ित मजदूरों ने बताया कि गुरुवार रात्रि हम सभी अपने अपने घर मे सोए हुए थे कि मध्य रात्रि हाथियों का झुंड आधमका और अलग अलग बंट कर घर को क्षतिग्रस्त करने लगा। आवाज सुनकर हमसभी उठे तो देखा कि हाथी के द्वारा घर ध्वस्त किया जा रहा है। किसी तरह हम सभी ने घर से निकल कर अपनी जान बचायी और गांव वालों को जगाया, लेकिन तब तक हाथियों ने हम तीनों के घरों को चारों ओर से क्षतिग्रस्त कर घर में रखे चावल, मक्का, महुआ, सहित कई चीजों व मक्का व धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। सूचना पाकर शुक्रवार सुबह जिप सदस्य रमेश राम, मंडल अध्यक्ष वल कुमार सिंह, उप प्रमुख निशा शाहदेव, कांग्रेस यूवा नेता सह समाजसेवी लाल आशिस नाथ शाहदेव, समाजसेवीदीपक गंझु व फॉरेस्ट्र मंगल सिंह सहित कई लोग पीड़ित के घर पहुंचे और तीनों घरों व फसलों का जायजा लिया। जिप सदस्य रमेश राम ने लातेहार डीएफओ रौशन कुमार से बात कर वन विभाग अधिनियम के तहत मुआवजा देने, साथ ही हाथियों से प्रभावित सुदूरवर्ती क्षेत्र में बचाव को लेकर टार्च, मशाल, पटाखा, सहित अन्य सामाग्री तत्काल मुहैया कराने और क्षेत्र से हाथियों को निकालने की मांग की।

डीएफओ कुमार कहा कि हाथियों को क्षेत्र से निकालने के लिए बंगाल से टीम बुलाई जा रही है। पीड़ित परिवारों को वन अधिनियम के तहत नियम संगत मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने सभी पीड़ितों से आवेदन करने की अपील भी की है। वहीं ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर टार्च, मशाल, पटाखे आदि विभाग द्वारा तुरंत मुहैया करा दिये जायेंगे। ज्ञात हो की बालूमाथ, बारियातु व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे बीते पांच वर्षों से हाथियों का उत्पात लगातार जारी है।

## संक्षिप्त

### प्रखंडवासी बिजली की आंख मिचौली से परेशान

**महुआडांड़।** प्रखंड में गर्मी की तपिश झेल रहे प्रखंड के लोगों को बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान होना पड़ रहा है। बताते चलें कि बिजली सिर्फ कुछ देर के लिए आती है और चली जा रही है। बिजली गायब रहने से कई काम काज ठप पड़े हैं। ग्रामीणों के अनुसार बिजली सप्लाई बिना कोई सूचना के ही कटौती की जा रही है। बिजली की सप्लाई न मिलने से कई व्यापारी व कई बिजली उपभोक्ता परेशान है। क्षेत्र में होने वाली कटौती की शिकायत का निराकरण करने के लिए परेशान ग्रामीण कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने समस्या हल न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं इस संबंध में बिजली विभाग के जेई दुगार्शंकर सिंह को फोन लगाने पर फोन नहीं उठाया गया।

### फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**महुआडांड।** थाना पुलिस ने प्राथमिक अभियुक्त राजू भुइया पिता छोटेलाल भुइया सा लवाही थाना डंडई जिला गढ़वा के घर पर न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को चिपकाया। इस संबंध में एसआई संजय रत्न ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत चटकपुर के सालो झरिया क्षेत्र में नक्सली द्वारा आगजनी को गई थी। इस संदर्भ में मामला दर्ज हुआ था। इस संदर्भ में राजू भुइया को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया, किंतु लोग अब तक नहीं मिला। इसके कारण न्यायालय से इश्तेहार निर्गत किया गया था। इश्तेहार तमिला होने के पश्चात 30 दिनों की अवधि में आत्मसमर्पण करना है। नहीं करने पर कुर्की जब्ती हो जाएगी।



### जयंती समारोह मनाने को लेकर हुयी बैठक

**बरवाडीह।** अखिल भारतीय मध्य देशीय हलवाई समाज के प्रखंड इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद उर्फ नंदू की अध्यक्षता में महेंद्र प्रसाद के आवास में हुई। बैठक के दौरान बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती मनाने पर चर्चा की गयी। तय किया गया कि बरवाडीह रेलवे क्लब में बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती आगामी 16 सितंबर को मनायी जायेगी, जिसमें सुबह 9:00 बजे से पूजा अर्चना, झंडोत्तोलन, प्रसाद वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अजीत कुमार को अध्यक्ष, अरविंद कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, संजय कुमार संजू को सचिव, सिद्धनाथ प्रसाद को कोषाध्यक्ष ,रामनाथ प्रसाद को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया. वहीं सक्रिय सदस्य में महेंद्र प्रसाद,संतोष प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद ,रविंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद, रामनाथ प्रसाद छोटू कुमार मनोज कुमार आदि को बनाया गया।

### गावों से संग्रह पवित्र मिट्टी प्रखंड पहुंचाई गई

**पत्थलगडा(चतरा)।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड के गावों से संग्रह की गई पवित्र मिट्टी पंचायत सचिवालयों से प्रखंड कार्यालय कलश के साथ पहुंचाई गई। नावाडीह, बरवाडीह, सिंघानी, नोनगांव व मेराल पंचायत सचिवालयों से गाजे-बाजे के साथ पवित्र मिट्टी को कलशों में बरकार प्रखंड कार्यालय पहुंचाया गया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मोनी कुमारी के नेतृत्व में सभी पंचायतों से आये मिट्टी को एकत्रित कर एक बडे.कलश में भरकर रखा गया। मौके पर मुखिया संगीता सिन्हा, राधिका देवी, नीतू देवी, कंचन देवी, बरवाडीह पंसस, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर व मेघन दांगी उपस्थित थे।

### बूढ़ा अमरनाथ के लिए पहला जत्था रवाना

**बूढ़ा पत्थलगडा(चतरा)।** बूढ़ा अमरनाथ यात्रा के लिए पत्थलगडा प्रखंड से पहला जत्था रवाना हुवा। 50 महिला-पुरुषों के पहले जत्थे को प्रखंड मुख्यालय से भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। लगभग 12 दिनों की इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु जम्मू-काश्मीर के बाबा अमरनाथ व माता वैष्णों देवी के दर्शन के अलावे अमृतसर दिल्ली समेत कई अन्य तीर्थस्थल का भ्रमण करेंगे। जत्थे में जय कारण दांगी, जितेंद.साहू, त्रिभुवन प्रसाद, अम्बिका यादव, दिलीप ठाकुर लेखराज टाईगर, मनोहर दांगी, गीता देवी, मुकेश कुशवाहा आदि शामिल हैं।

### गढ़वा जिले को मिली 12 नयी 108 एंबुलेंस

**गढ़वा।** गढ़वा जिले को 12 और 108 एंबुलेंस प्राप्त हुयी हैं। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को विधिवत ये एंबुलेंस जनता को समर्पित की। साथ ही हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को भ्रमण के लिए मंत्री ने रवाना किया। मौके पर ठाकुर ने कहा कि पहले से जिले में 14 एंबुलेंस उपलब्ध हैं। आज 12 और नया एंबुलेंस आ गयी है। यथाशीघ्र दो और नयी एंबुलेंस गढ़वा को मिल जाएगी। जिले में अब 108 एंबुलेंस की संख्या 28 हो गई है। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन डा. अवधेश सिंह, सुबोध सिंह सहित कई चिकित्सक व चिकित्सा पदाधिकारी आदि लोग उपस्थित थे।



## जोबे अमवाटिकर को पूर्व की तरह बरवाडीह में शामिल करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के चुंगरू पंचायत से सटे गणेशपुर (सरयू प्रखंड) पंचायत के जोबे अमवाटिकर के 100 से अधिक ग्रामीणों ने शुक्रवार को पूर्वी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय से मिलकर पूर्व की तरह पुनः बरवाडी प्रखंड में शामिल करने की मांग की है। पूर्व में बरवाडीह प्रखंड के गणेशपुर पंचायत को एक वर्ष पूर्व नव सृजित सरजू प्रखंड में शामिल कर दिया गया है। इस पंचायत के जोबे अमवाटिकर गांव बरवाडीह प्रखंड के चुंगरू पंचायत से बिलकुल सटा हुआ गांव है। सरजू प्रखंड में गणेशपुर को शामिल किए जाने से इस गांव के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कन्हाई सिंह नेतृत्व में राजकुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, अमित विश्वकर्मा, सरिता देवी, मोहन भुइंया, अनीता देवी, श्याम बिहारी प्रसाद समेत 100 से अधिक ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर युक्त आवेदन में कहा है कि गणेशपुर पंचायत से सरयू प्रखंड मुख्यालय जाने में अत्यंत दुर्गम जंगल पहाड़ पारकर सरयू प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है, जिसमें उन लोगों को 20 किलोमीटर का रास्ता तय करने में पांच घंटे से अधिक का समय लगता है। गणेशपुर पंचायत का राजस्व संबंधी कार्य वर्तमान में भी बरवाडीह प्रखंड से संचालित हो रहे हैं। वहीं आपूर्ति विभाग का भी कार्य बरवाडीह प्रखंड से ही हो रहा है, जबकि अन्य कार्य सरजू प्रखंड से हो रहे हैं। जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने बीडीओ राकेश सहाय को ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराते हुए इस पर तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदनपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को देते हुए गणेशपुर को बरवाडीह में पुनः शामिल करने की मांग की है।



## सड़क दुर्घटना में शिक्षिका की मौत, गांव में पसरा मातम

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के संत जेवियर एकेडमी रामपूर विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका कमीला खाखा की गुरूवार देर रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। स्कूल के अन्य स्टाफ द्वारा बताया गया कि वह किसी काम से अपने पति विरेंद्र एक्का के साथ चम्पा गाँव से अपने गांव बोड़ाकोना देर शाम लौट रही थी। इस क्रम में चीरोटोली व चम्पा गांव के सीमा क्षेत्र में अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर गये, जिससे महिला को सिर पर गंभीर चोट लगी थी। ईलाज के लिए ले जाते समय ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस खबर से पूरे विद्यालय परिवार शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की। वहीं मौत की खबर से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में मातम छा गया है।

## सीसीएल ने 24 दिव्यांगों को दी बैट्री युक्त ट्राई-साइकिल

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**
टंडवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को संचालित आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना के जीएम अमरेश कुमार सिंह के निर्देश पर सीएसआर मद से 24 दिव्यांगों के बीच जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ट्राइ-साइकिल का वितरण कराया गया। वहीं दूसरी ओर पंचायत भवन कसियाडीह में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित की गई। जानकारी देते हुए सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि दिव्यांगों को स्थानीय विधायक के हांथों बैट्री मोटरयुक ट्राइसाइकिल बांटा गया, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए प्रति पीस है। वहीं स्वास्थ्य शिविर में परियोजना के क्षेत्रिय चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रभा कुमारी व डॉ. श्रेयांशु मुखर्जी द्वारा विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के 170 लोगों का गहन चिकित्सीय जांच के पश्चात जरूरत के अनुसार दवा दिया गया। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद थे।



## उपलब्धि | शिफा व जीतू ने जीते सिल्वर मेडल, सभी को किया गया सम्मानित

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप में मिले पांच मेडल

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में पिछले दिनों सम्पन्न 16वां ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता में लातेहार के तीन कराटेकारों ने मेडल जीतकर लातेहार जिले का मान बढ़ाया है। यह चैंपियनशिप ऑल इंडिया गोजुरियो कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी थी।

इसमें देश के असम, मेघालय, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ समेत 10 राज्यों के लगभग 350-400 कराटेकारों ने हिस्सा लिया था। इसमें लातेहार जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए कराटे प्रशिक्षक सेन्साई अरविंद उरांव के नेतृत्व में तीन कराटेकार शिफा यासमीन (पब्लिक स्कूल, लातेहार), जीतू उरांव एवं विभा रानी उरांव (केंद्रीय विद्यालय) जमशेदपुर (टाटा) गए थे। चैंपियनशिप के 6-8 वर्ष आयुवर्ग के काता प्रतियोगिता में शिफा यासमीन ने सिल्वर मेडल जीता है। वहीं, जीतू उरांव ने 24-30 वर्ष के आयुवर्ग के काता प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज तथा 45-50 किलोग्राम श्रेणी के कुमिते चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल तथा विभा रानी उरांव ने 15-17 वर्ष आयुवर्ग के काता एवं 45-50 किलो श्रेणी के कुमिते प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। चैंपियनशिप में उपस्थित अतिथियों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इधर, प्रतियोगिता से लौटने पर सभी कराटेकारों को लातेहार के नवपदस्थापित जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कराटेकारों की सफलता पर उनके परिजनों समेत जिलेभर के खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि इसके पूर्व भी शिफा यासमीन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर मेडल जीत चुकी है।



## कोल वाहन की चपेट में आया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे बिंगलात के समीप शुक्रवार सुबह कोलवाहन के चपेट में आने से खैल्हा निवासी अरुण महतो पिता बालेश्वर महतो गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं कोल वाहन को मौके से लेकर चालक तेजी से भाग निकला, जिसे देर शाम थाना क्षेत्र के थापा मोड़ से पुलिस ने जब्त किया। बताया गया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर चिकित्सा के लिए मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ. जयनारायण ने बताया कि युवक के माथे में गंभीर चोट लगी है। ग्रामीण व परिजन समुचित मुआवजा व कोल वाहनों का दिन में परिचालन पर नो इंट्री लगाने की मांग जिला प्रशासन से कर रहे हैं।

### सक्सेस स्टोरी : किस्को में महिला सशक्तिकरण की पहचान बनकर उभर रही हैं ललिता उरांव

# कभी खाने को थी मोहताज, अब होटल खोलकर चार लोगों को दे रही रोजगार

**वर्तमान में ललिता उरांव को अपने होटल से 3 लेबर, 1 मिस्त्री को दिये जाने वाले उनके दैनिक वेतन और होटल के प्रतिदिन के खर्च व भुगतान को काटकर, प्रति वर्ष लगभग 1,20,000 रुपये से 1,25,000 रुपये की आमदनी हो जाती है।**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** कभी खाने को मोहताज ललिता उरांव आज अपने प्रखंड किस्को में महिला सशक्तिकरण की पहचान बनकर उभर रही हैं। ललिता उरांव किस्को गांव की रहने वाली हैं। ललिता महिला मंडल से 2015 में जुड़ीं।

ललिता का जीवन काफी कष्टमय रहा है। पति का निधन हो जाने के बाद उन्होंने अपना जीवन लकड़ी बेचने से शुरू किया। उनका कहना है कि अपने गांव किस्को से बड़कीचांपी बाजार तक वह अपने सिर पर लकड़ी का गट्ठर पैदल लेकर जाया करती थी। उस समय वह प्रति गट्ठर 12 रुपये से लेकर 21 रुपये प्रति बोझा बेचा करती थी। उसी से उनके परिवार का खर्च चलता था। कुछ समय तक उन्होंने रेजा-कुली का काम भी किया। कभी-कभी गांव-गांव जाकर वे धान खरीद कर उसे पुनः बेचा करती थीं। उसी से अपने परिवार का गुजारा करती थीं, किन्तु उसमें उनको बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उनका कहना है कि उनके घर में कभी-कभी एक टाइम का चावल भी नहीं होता था और साबुन, तेल की भी दिक्कत होती थी। अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए वे हंड़िया-दारु बनाकर बेचने लगी। हंड़िया-दारु बेचकर ही अपने घर का गुजारा करने लगी और उसी से अपने बच्चे की पढाई भी कराती थी। बच्चे की पढ़ाई के दौरान ललिता उरांव ने स्वयं सहायता समूह से पहला ऋण 20 हजार रुपये लिया। दूसरी बार बच्चे की पढ़ाई के लिए 30 हजार रुपये का ऋण लिया और ससमय उसको लौटाया।

#### दारु बेचने से नहीं मिलता था सम्मान

उनका कहना है कि हंड़िया-दारु बेचने से उनको समाज में ज्यादा सम्मान नहीं मिलता था और बच्चे की पढ़ाई पर असर भी होता था। उसी दौरान उन्होंने 40 हजार रुपये तृतीय ऋण के रूप में लिया। उससे उन्होंने अपने ही गांव में छोटा-सा होटल खोला, जिससे वह आज अच्छी आमदनी भी प्राप्त कर रही हैं। होटल के माध्यम से उन्होंने अपने लिए घर बनाया और बच्चे की पढ़ाई भी पूरी करायी। वर्तमान में ललिता को अपने होटल से 3 लेबर और 1 मिस्त्री को किये जाने वाले उनके दैनिक वेतन और होटल का प्रतिदिन का खर्च एवं भुगतान को काटकर, प्रति वर्ष लगभग 1,20,000 रुपये से 1,25,000 रुपये की आमदनी हो जाती है।



### सदर में दी जा रही थी निशुल्क सेवा, सीएस ने दिया राहत का भरोसा

# डायलिसिस सेंटर में 1206 रुपये शुल्क से मरीजों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सदर अस्पताल में मौजूद डायलिसिस सेंटर में 1206 रुपए शुल्क लिए जाने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि सदर अस्पताल परिसर में लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत और झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन किया था।

यहां मरीजों को निशुल्क डायलिसिस सुविधा दी जा रही थी। इस डायलिसिस सेंटर का संचालन एस्केप संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कोलकाता कर रही है। लोहरदगा जिले में हर महीने 2 सौ से ढाई सौ मरीजों का डायलिसिस होता है। जब आज यहां पहुंचने वाले मरीजों से डायलिसिस के लिए मिलने वाले उपकरण के नाम पर 1206 चार्ज किया जा रहे हैं तो डायलिसिस करा रहे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। अब ऐसे में डायलिसिस कर रहे लोग 1206 भुगतान कर अपना इलाज करवा रहे हैं। वहीं डायलिसिस सेंटर के संचालक बता रहे हैं कि सदर अस्पताल प्रबंधन से बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे कंपनी दवा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है। यही वजह है कि मरीजों से फिलहाल 1206 रुपए भुगतान लिया जा रहा है।

इस पूरे मामले पर सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो ने बताया कि संबंधित अकाउंटेंट को भुगतान के आदेश दिए गए हैं। मरीज से भुगतान लिया जा रहा है तो उन्हें कंपनी के द्वारा पैसे की वापसी कराई जाएगी। फिलहाल यहां पहुंचने वाले मरीज डायलिसिस के 1206 रुपये भुगतान कर अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं।



# रोजेदारों की हत्या में दोषियों को उम्रकैद


**2021 में कुर्बान अंसारी व नौशाद अंसारी की नमाज अदा कर अपने घर लौटने के दौरान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा टंगरा टोली में सड़क किनारे रोक कर हत्या कर दी गई थी**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** मस्जिद से नमाज अदा कर घर लौट रहे रोजेदारों को रास्ते में रोककर टांगी मार कर हत्या करने के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। घटना 23 अप्रैल 2021 शाम 5 बजे की है। जब कुर्बान अंसारी और नौशाद अंसारी नमाज अदा कर अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा टंगरा टोली में सड़क किनारे रोक कर उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और हत्याकांड के एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। एफएसएल की जांच रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी की गवाही से नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी को न्याय मिला है। एडीजे 3 अरविंद कुमार की अदालत ने नौशाद अंसारी और कुर्बान अंसारी के हत्यारे जमाल अंसारी, कमाल अंसारी, कुरचिया बेगम और मारूफा खातून को



आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माना धारा 307 के तहत 10 वर्ष का कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना, 306 के तहत 3 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

# बाइक से स्टंट करते हुये युवाओं का वीडियो वायरल पुलिस कार्रवाई में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** जिले के शहरी क्षेत्र में स्टंटबाजी करते बाइक राइडर युवकों की वीडियो खूब वायरल हो रही है। नेशनल हाईवे पर जान जोखिम में डालकर स्टंट करते नजर आ रहे हैं कुछ युवक।

खतरनाक बाइक स्टंट कर शहरी क्षेत्र में बाइक राइडर नजर आते हैं, जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्टंट बाजी के चक्कर में बिना नंबर प्लेट वाले बाइक से युवकों की टोली लगातार खतरनाक स्टंट कर रहे हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ रही है। सोसल मीडिया पर स्टंटबाजी कर वीडियो डालने के लिए सड़कों पर जानलेवा कारनामा किया जा रहा है। वहीं स्टंटबाजी के खिलाफ अब जिला प्रशासन और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर पकड़ने की तैयारी कर रही है।

## डीसी की अध्यक्षता में हुयी कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को कंप्रीहेंसिव लाईवलीहुड एडेप्शन पाथवे की बैठक हुई। बैठक में संस्था प्रदान द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन की सहायता से लोहरदगा जिला के सेन्हा, कुडू, भण्डरा और किस्को में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसमें महिला स्वयंसहायता समूहों के गठन, स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य/जागरूकता कार्यक्रम, भूमि की उर्वर क्षमता को बढ़ाने के लिए गैर रासायनिक खाद का प्रयोग करने व निर्माण का तरीका, वर्मी कंपोस्ट का विकल्प, जल छाजन की दिशा में किये जा रहे कार्य, मल्टीलेयर फार्मिंग आदि के बारे बताया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पवन कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी, पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज, प्रदान संस्था के टीम कोर्डिनेटर फहाज खान व टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# किस्को में धनरोपनी कर रहे किसान की वज्रपात से मौत

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, क्षेत्र में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को** जिले के किस्को थाना क्षेत्र में एक बार फिर से कुदरत का कहर शुक्रवार को देखने के लिए मिला है। जानकारी के मुताबिक किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया डूमर टोली में एक किसान अपने खेत की तैयारी धनरोपनी कार्य हेतु कर रहा था। इसी दौरान वज्रपात ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे गरीब किसान की मौत मौके पर हो गई।

परिजनों के अनुसार स्वर्गीय विजय उरांव का 42 वर्षीय पुत्र राम उरांव सुबह करीब 9:30 बजे घर से थोड़ी दूरी पर स्थित अपने खेत में धनरोपनी कार्य हेतु खेत तैयार करने गया हुआ था, इस बीच अचानक हुई वज्रपात से किसान की मौके पर मौत हो गई, जिससे परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है। बता दें कि तिसिया डूमर टोली में शुक्रवार की सुबह बेमौसम अचानक



वज्रपात की घटना से क्षेत्र के लोगों में हलचल मच गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत पाखर की मुखिया फुलमनी देवी बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य उधवा उरांव और समाजसेवी रंथू उरांव के द्वारा वज्रपात से मृत राम उरांव के शव को पोस्टमार्टम हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा ले गये, जहां पर शव का पोस्टमार्टम कराकर देर शाम अपने गंतव्य तिसिया डूमर टोली दाह संस्कार हेतु ले गये। इधर राम उरांव के शव का पोस्टमार्टम के बाद तिसिया डूमर टोली में पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। मालूम हो कि राम उरांव काफी गरीब परिवार से था। इधर ग्रामीणों ने बताया कि राम उरांव अपने पीछे पत्नी सोहन्ती उरांव और दो बेटे को छोड़ गया। इधर राम उरांव की असामायिक मौत से क्षेत्र के लोग काफी मर्माहत हैं।

### धर्म-कर्म | प्रभु के अंगों में ही सभी लोकों का ध्यान करें : जीयर

# 'मंगलाचरण का मतलब मंगल करना'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि-सुकदेव जी महाराज ने बताया कि मंगलाचरण का मत लब होता है मंगल करना। जैसे की किसी का विवाह हो रहा हो उसकी भूत, भविष्य, वर्तमान की कामना करना ही मंगलाचरण है। इसके लिए पितरों को गीत गाकर, ऋषियों को, भगवान को, देवताओं को गोहराना ही मंगलाचरण होता है। इसी प्रकार शुकदेवजी ने भी बाद में मंगलाचरण किया कि जो मैं कह रहा हूं उससे समाज में, परिवार में जो सुनने वाला हो उसका मंगल हो। इसीलिए मंगलाचरण किया जाता है। चाहे भजन के रूप में हो स्तुति के रूप में हो। सुकदेव जी ने परिक्षित को बताया



कि जो अच्छे सदाचारी ब्राम्हण हो उसे भगवान का मुख बताया गया है। भगवान के मुख का पूजा करने का मतलब अग्नि का पूजन, रोम का पूजा का मतलब वृक्ष तथा नाड़ी का पूजा से नदियों का, स्वास जो है भगवान का वायु है। भगवान की गति जो है संसार का महायज्ञ का फल मिल गया। भगवान के नेत्र के ध्यान का मतलब अंतरिक्ष का ध्यान कर लिया। उनकी पलकों का ध्यान का मतलब उनकी पलकों का ध्यान करना है। भगवान के पैर के तलवे को ध्यान करते हुए यह मानना चाहिए कि यह पताल लोक है। पैर के अग्र भाग रसातल लोक, दोनों एड़ी का ध्यान का मतलब महातल का दर्शन, जांघों के ध्यान का मतलब महीतल लोक का दर्शन. दोनों पेंडुली का दर्शन परासर लोक की पूजा, घुटनों का दर्शन सुतल लोक का दर्शन, नाभी का दर्शन करने का मतलब हमने आकाश का, भगवान के वक्षस्थल का पूजा करने का मतलब स्वर्गलोक का दर्शन कर लिया। मुख का दर्शन करने का मतलब जन लोक, ललाट का दर्शन करने का मतलब तपोलोक का दर्शन, सिरोभाग का दर्शन सत लोक है। भगवान की भुजा की पूजा करने का मतलब इंद्र की, कान का ध्यान करने का मतलब दिशा का पूजन, इस प्रकार भगवान के अंगों का ध्यान करने से अलग अलग लोकों के परिक्रमा करने का फल प्राप्त होता है। केवल एक मात्र भगवान नारायण की पूजा कर ली तो तैंतीस कोटि देवता हैं सभी देवताओं को सातों लोक की अराधना कर ली।

# शिविर में 51 पशुओं की जांच कर दी गयी दवा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत के साके ग्राम में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर शिविर में लगभग 40 पशुपालक किसानों का 51 पशुओं की जांच कर निःशुल्क दवा दी गयी। वहीं पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार द्वारा सभी ग्रामीणों को पशु के रख रखाव के बारे में बताते हुए लम्पी, लंगड़ी, गलफुली जैसी अन्य बीमारियों से बचाव और उपचार के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा किसानों का आय वृद्धि के लिये गाय, मुर्गी, बकरी, शूकर पालन योजना के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर शिविर में पशु चिकित्सक डॉ रोहित कुमार तथा मैत्री कार्यकर्ता संजय सिंह के अलावे बिशु उरांव, राजकिशोर उरांव, शिव उरांव, विजय उरांव, गंदूर उरांव सहित अन्य सैकड़ों ग्रामीण पशुपालक किसान उपस्थित थे।



## संक्षिप्त

### इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन आज

**लोहरदगा।** एम.एल.ए. महिला कॉलेज में 19 अगस्त को इंटर स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। महिला कॉलेज इंडोर कोर्ट, लोहरदगा में इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार करेंगे। मौके पर पी.के. सिंह, पूर्व एमएलसी होंगे। उक्त जानकारी डॉ. गणेश प्रसाद, अध्यक्ष, लोहरदगा जिला बैडमिंटन संघ-सह- कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड बैडमिंटन संघ ने दी।

### मिट्टी संग्रहित कर मुख्यालय में जमा की गयी



**भंडरा।** मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत प्रखंड के सभी पंचायत से माटी संग्रह कर शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में जमा किया गया। इस दौरान प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि मुखिया ने गांव की पवित्र मिट्टी को कलश में भरकर पूरे विधि विधान के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और पूरे सम्मान के साथ गांव की पवित्र मिट्टी को एक बड़े कलश में जमा किया गया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा पंचायतों से संग्रह कर लाये गए पवित्र मिट्टी को पूरे ससम्मान के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया। मौके पर बीपीओ अभिषेक किशोर, एलिओ सह कल्याण पदाधिकारी नीता सरकार, बीएचओ मनोज कुमार, एसआई विकास कुमार विश्कर्मा, मुखिया इंद्रदेव उरांव, परमेश्वर महली, टेले उरांव, सुमंती तिग्गा, कईली उरांव, सुमीत उरांव, धनेश्वरी देवी, ममता कुमारी उपस्थित थे।

### पेशरार में नुक्कड़ नाटकों से हुआ प्रचार प्रसार

**लोहरदगा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय के सूचीबद्ध कला दल, वनांचल कला केंद्र कला, लोहरदगा की ओर से दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को पेशरार प्रखंड के रोरद पंचायत और समग्र आदिवासी कला विकास केंद्र की ओर से राजेश भगत के नेतृत्व में पेशरार प्रखंड के हेसाग पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा; सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। लोगों को मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

### मुखिया ने स्कूली बच्चों में किया बैग का वितरण



**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मुखिया मुंगा साह ने विद्यालय में अध्यनरत 343 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूली बैग वितरण किया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की यह बैग सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इस बैग का उपयोग आप सभी विद्यालय आने के दौरान पाठ्य पुस्तक को रखने के लिए करेंगे। उन्होंने छात्र - छात्राओं को ड्रेस और बैंग हमेशा साफ-सुथरा रखने और पढ़ने के लिए विद्यालय प्रतिदिन आने को कहा। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने कहा की सरकार विद्यालय में विभिन्न प्रकार की सुविधा दे रही है, जिसमें मध्यान्ह भोजन, किताब, कापी, विद्यालय कीट, छात्रवृत्ति, साईकल आदि शामिल हैं। उन्होंने अभिभावकों से प्रतिदिन अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र ठाकुर, देव कुमार सिंह, उदय बैद्, लता सिंह, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### मेडिकल में चयन पर दो छात्राएं हुयीं सम्मानित



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल के दो छात्राओं का मेडिकल में चयन होने पर स्कूल के निदेशक ने सम्मान समारोह अयोजित किया। इसमें सुधीर चौबे की पुत्री मुस्कान ज्योति और गुलाम सरवर की पुत्री शिरीन सरवर को शिक्षाविद् प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय सहित सभी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बृजेश उपाध्याय, विनय चौबे, अशोक तिवारी, प्रमोद चौबे, प्रदीप वर्मा, धनंजय तिवारी, विजय चौबे, रोशन धर दुबे, सुरेंद्र राम, राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने किया सक्षम केंद्र का उद्घाटन



**भवनाथपुर।** अरसली उतरी पंचायत भवन में मुखिया इसरत जहां ने शुक्रवार को महिला समूह के द्वारा सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर इस मौके पर सभी वार्ड के सदस्य, पिंटू अंसारी जीसेलपीएस के बीपीएम नीरज कुमार व सदस्यों में रेखा देवी, सीता देवी, मिना देवी रीता देवी, नीलम देवी कौशल्या देवी, कुशुम देवी, सारदा देवी, प्रियंका देवी, मानती देवी, सरिता देवी, रीता कुमारी सहित समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

कर्ज भुगतान में चूक पर अब उचित दंडात्मक शुल्क लगा पाएंगे बैंक


# अब दंडात्मक ब्याज नहीं वसूलेंगे बैंक : आरबीआई



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा दंडात्मक ब्याज को अपना राजस्व बढ़ाने के माध्यम के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। केंद्रीय बैंक ने इस बारे में संशोधित नियम जारी किए हैं। नए नियमों के तहत कर्ज भुगतान में चूक के मामले में अब बैंक संबंधित ग्राहक पर सिर्फ उचित दंडात्मक शुल्क ही लगा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने उचित ऋण व्यवहार-कर्ज खातों पर दंडात्मक शुल्क के बारे में शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि बैंक और अन्य ऋण संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। केंद्रीय बैंक की अधिसूचना में कहा गया है, कर्ज लेने वाले व्यक्ति द्वारा ऋण अनुबंध की शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर उससे ह्यदंडात्मक शुल्क लिया जा सकता है। इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा। दंडात्मक ब्याज को बैंक अग्रिम पर वसूली जाने वाली ब्याज दरों में जोड़ देते हैं। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि दंडात्मक शुल्क उचित होना चाहिए। यह किसी कर्ज या उत्पाद श्रेणी में पक्षपातपूर्ण नहीं होना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि दंडात्मक शुल्क का कोई पूंजीकरण नहीं होगा। ऐसे शुल्कों पर अतिरिक्त ब्याज की गणना नहीं की जाएगी। हालांकि, केंद्रीय बैंक के ये निर्देश क्रेडिट कार्ड, बाह्य वाणिज्यिक कर्ज, व्यापार क्रेडिट आदि पर लागू नहीं होगी।


# रूस से एक तिहाई खर्च पर पहुंच गया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और रूस के बीच चंद्रमा के साउथ पोल में उतरने को लेकर होड़ मची है। दोनों देशों के मिशन चांद की सतह के बेहद करीब पहुंच चुके हैं। भारत के चंद्रयान-3 का लैंडर विक्रम प्रपल्शन मॉड्यूल से अलग हो चुका है और धीरे-धीरे चांद की सतह के करीब पहुंच रहा है। इसे 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतारने की कोशिश की जाएगी। दूसरी ओर रूस का मिशन लूना-25 21 से 23 अगस्त को चांद की सतह पर उतरने का प्रयास करेगा। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च किया था और 5 अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया था। दूसरी ओर रूस का मिशन 10 अगस्त को भेजा गया था। यहां हम आपको बता रहा है कि भारत और रूस के मिशन में से किस पर कितना खर्च आया है। चंद्रयान-3 भारत की तीसरा मून मिशन है जबकि रूस ने 1976 के बाद पहली बार चांद का रुख किया है। रूस के लूना-25 का वजन 1,750 किग्रा है जबकि चंद्रयान-3 का भार 3,800 किग्रा है। इन दोनों के बजट में भारी अंतर है। चंद्रयान-3 का बजट जहां मात्र 615 करोड़ रुपये है, वहीं रूस ने लूना-25 के बजट का ऐलान नहीं किया है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक इसकी लागत करीब 1,600 करोड़ रुपये है। यानी रूस का मिशन भारत की तुलना में करीब ढाई गुना है। चंद्रयान-3 की लागत चंद्रयान-2 की तुलना में कम है। चंद्रयान-2 की तरह चंद्रयान-3 में ऑर्बिटर नहीं है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 को तैयार करने पर कुल 615 करोड़ रुपये का खर्च आया है।

## गिरते बाजार में टाटा के फैशन रिटेलर कंपनी की शेयर ने लगाई छलांग



**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में हाल में गिरावट आई है लेकिन टाटा ग्रुप की एक कंपनी ने इस दौरान लंबी छलांग लगाई। टाटा ग्रुप की फैशन रिटेलर कंपनी ट्रेंट के शेयरों में आठ अगस्त से 17 अगस्त तक 17 फीसदी तेजी आई। इसके साथ ही यह अपने 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया है। इस शेयर ने पिछले पांच साल में 435 परसेंट से अधिक रिटर्न दिया है। आठ अगस्त को यह 1,690 रुपये पर बंद हुआ था जबकि 17 अगस्त को इसका बंद भाव 1974.05 रुपये था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में इसमें सात से 20 परसेंट तक तेजी आ सकती है। कंपनी ने नौ अगस्त को जून तिमाही के नतीजों की घोषणा की थी। टाटा ग्रुप की यह रिटेल कंपनी वेस्ट साइड और जोडियो जैसे ब्रांड्स को ऑपरेट करती है और इसका जून तिमाही में नेट प्रॉफिट 114.93 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी को 138.29 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

# चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी एवरग्रेंड हुई दिवालिया



**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर्थिक सुस्ती से गुजर रहे चीन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। चीन की दिग्गज रियल एस्टेट कंपनी चाइना एवरग्रेंड ने अमेरिका के एक कोर्ट में बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया है। एवरग्रेंड दुनिया में सबसे ज्यादा कर्ज वाली रियल एस्टेट कंपनी है। इस कंपनी पर 330 अरब डॉलर का कर्ज है। कभी चीन की दूसरी सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी रही एवरग्रेंड ने भारी कर्ज लिया था और 2021 के अंत में कर्ज के भुगतान में डिफॉल्ट किया था। इसके साथ ही चीन में रियल एस्टेट का संकट का सिलसिला शुरू हो गया था। एवरग्रेंड की सहयोगी कंपनी तियानजी होल्डिंग्स ने भी बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया है। कंपनी ने अमेरिका के बैंकरप्सी कोड के चैप्टर 15 के तहत प्रोटेक्शन मांगा है। इससे क्रेडिटर्स कंपनी के खिलाफ मुकदमा नहीं कर सकते हैं और न ही उसके एसेट्स को अटैच कर सकते हैं। चीन में 2021 के मध्य में रियल एस्टेट का संकट शुरू हुआ था और तबसे कई बड़ी कंपनियां डिफॉल्ट कर चुकी हैं। देश में होने वाली मकानों की कुल बिक्री में इन कंपनियों की 40 परसेंट हिस्सेदारी है। माना जा रहा है कि चीन का रियल एस्टेट सेक्टर का संकट दूसरे सेक्टर्स को भी अपनी चपेट में ले सकता है। देश की सबसे बड़ी प्राइवेट डेवलपर कंट्री गार्डन की हालत भी दिनोंदिन खराब हो रही है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

**-: आवश्यक सूचना :-**

लातेहार जिला अंतर्गत **बारेसॉड़ थाना काण्ड संख्या–04/17, दिनांक 15.11.2017, धारा 147/148/149/307/324/325/326/353 भा0द0वि0, 17 सी0एल0ए0 एक्ट, 3(ए)/3(बी)/4(ए)/4(बी) वि0पदा0अधि0 एवं 10/13/16 यू0ए0पी0 एक्ट** के अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरूद्व अनुसंधान के क्रम में उक्त काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरूध विधिवत इश्तिहार तामिला किया गया है। उक्त अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरूध इश्तिहार तामिला पश्चात् कुर्की अधिपत्र प्राप्त किया जाएगा। उक्त से संबंधित सूचना प्रचार–प्रसार हेतु प्रकाशित किया जा रहा है।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | मृत्युंजय जी उर्फ फ्रेंस भुईयां, पे0 स्व0 बाबूलाल भुईयाँ, सा0 नावाडीह, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार। |
| 2. | नेषनल जी उर्फ नेषनल भोक्ता उर्फ संजीव उर्फ नरेन्द्र पे0 नवल भुईयाँ उर्फ बजु गंझू सा0 झीरमतकोमा, थाना बालूमाथ, जिला लातेहार। |
| 3. | अलीषा कोरवा उर्फ पंडरी उर्फ अलीषा पे0 शंकर कोरवा, पति दषरथ गंझू सा0 लाटू थाना बारेसॉड, जिला लातेहार। |
| 4. | कुन्दन जी उर्फ सुधीर सिंह पे0 महाबीर सिंह, सा0 माईल, थाना मनिका, जिला लातेहार। |
| 5. | राजू भुईयाँ पे0 छोटेलाल भुईयाँ, सा0 लावाही, थाना डंडई, जिला गढ़वा |
| 6. | उज्जवल उर्फ अनिल तुरी, पे0 मेडुआ तुरी, सा0 चैनपुर थाना पेषरार, जिला लोहरदगा। |
| 7. | मनीष जी उर्फ मनीष यादव पे0 प्रसाद यादव, सा0 चक्रबंधा, थाना डुमरिया, जिला गया (बिहार) |
| 8. | देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ दिव्येन्दु कुमार सिंह उर्फ सुबोध उर्फ आनन्द उर्फ दिव्यान्दु पे0 स्व0 जंगबहादुर सिंह, सा0 सिकरिया भेवर, थाना कडौना, ओ0पी0, जिला जहानाबाद (बिहार) |

पुलिस अधीक्षक, लातेहार

PR 304994 (Police)23-24*D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

**नावघाट बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिला परिषद, अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों (तरणीघाटों) का वर्ष 2023–24 के लिए बन्दोबस्ती आम डाक के द्वारा दिनांक 28.08.2023 को 11:00 AM बजे दिन में उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। जो व्यक्ति या संस्था डाक बोलना चाहे वे उक्त तिथि को निर्धारित समय से पूर्व जिला परिषद, पलामू कार्यालय में कॉलम संख्या– 6 में अंकित जमानत राशि का **बैंक ड्राफ्ट/चेक जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से देय एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा)** के साथ अपना नाम दर्ज करा लेंगे तदोपरान्त उन्हें डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

डाक की कुल राशि डाक समाप्ति के तुरन्त बाद एक मुस्त जमा करा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति को डाक से पूर्व अपने पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट की पूर्व की बन्दोबस्ती की राशि बाकी होगी उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक की बोली 10000.00 रूपयें के अन्तर का होना अनिवार्य होगा।

उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। सचिव जिला परिषद, पलामू को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए किसी भी डाक को अस्वीकृत कर सकेंगे। बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम अन्तर्गत बने नियमों का पालन करना होगा।

| क्र0सं0 | नावघाट का नाम | थाना | नदी का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रानीदेवा | हुसैनाबाद | सोन नदी | 659430.00 | 164900.00 | 28.08.2023 (11:00 AM) |
| 2 | देवरी | हुसैनाबद | सोन नदी | 388117.00 | 97050.00 | |

**नोट** :– नावघाट के डाक में 5–10 वर्ष के अनुभव रखने वाले नाविक/संगठन/समिति/अन्य व्यक्ति को प्राथमिकता दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 304973 (District) 23-24 (D)



## कार्यालय जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा।

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा के गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 के आलोक में पूर्व में नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका चार वर्षो का सेवा अवधि (बॉण्ड) समाप्त हो चुका है, उनकी पुनःनामांकन (बॉण्ड) की प्रकिया दिनांक–28.08.2023 एवं 29.08.2023 को अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा सुनिश्चित की गई है। यह कार्य कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक जिला समादेष्टा, कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गढ़वा में किया जाना हैं। पुनः नामांकन कार्य प्रखण्डवार की जायेगी, तिथि निम्न प्रकार हैः–

| प्रखण्ड का नाम– | तिथि | प्रखण्ड का नाम– | तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. शहरी – | 28.08.2023 | 12. बरड़ीहा– | 29.08.2023 |
| 2. गढ़वा– | 28.08.2023 | 13. रंका– | 29.08.2023 |
| 3. मेराल– | 28.08.2023 | 14. भंडरिया– | 29.08.2023 |
| 4. रमुना– | 28.08.2023 | 15. रमकंडा– | 29.08.2023 |
| 5. नगर– | 28.08.2023 | 16. चिनिया– | 29.08.2023 |
| 6. सगमा– | 28.08.2023 | 17. बड़गड– | 29.08.2023 |
| 7. धुरकी– | 28.08.2023 | 18. केतार– | 29.08.2023 |
| 8. भवनाथपुर– | 28.08.2023 | 19. विशुनपुरा– | 29.08.2023 |
| 9. खरौंधी– | 28.08.2023 | 20. डण्डई– | 29.08.2023 |
| 10. मझिऑव– | 28.08.2023 | 21. डण्डा– | 29.08.2023 |
| 11. कांडी– | 28.08.2023 | | |

पुनः नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने वाले गृह रक्षक पुरी वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ निम्न आवश्यक दस्तावेज लायेंगे।

1.गृह रक्षक प्रमाण पत्र
2.आधार कार्ड/मतदाता प्रमाण पत्र
3.दो नवीन फोटोग्राफ (पासपोर्ट साईज)
4.डियूटी हेतु निर्गत अंतिम कमान–पत्र।

ह०/–
पुलिस उपाधीक्षक (मु0)गढ़वा
– सह– जिला समादेष्टा,झारखण्ड
गृह रक्षा वाहिनी,गढ़वा।

PR 304955 Home(23-24)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, (एन॰आर॰ई॰पी॰), चतरा ।

Email Add: nrepchatra@gmail.com

पत्रांक 774/NREP चतरा, दिनांक 17.08.2023

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा श्रीमति सोनी देवी, संवेदक, हाउस नं0 –57 पांचवां मोहल्ला, सदर–चतरा जिला–चतरा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा DMFT योजनान्तर्गत चतरा नगर परिषद, वार्ड नं0 – 14 में ए वन टेलर से कठौतिया रोड तक पथ एवं नाली निर्माण का एकरारनामा किए हुए लगभग तीन माह (एकरारित अवधि का 50 प्रतिशत) बीत जाने के बावजुद आपके द्वारा अबतक मात्र 15 प्रतिशत कार्य ही सम्पादित किया गया है। अभी तक मात्र पूल–पूलिया एवं G.S.B का कार्य कर कार्य को बन्द कर दिया गया है। आपके द्वारा एकरारनामा करने में भी लगभग एक माह का विलम्ब किया गया। कार्य को भी मनमाने प्रवृति से संपादित किया जाना कार्य के दौरान परिलक्षित हुआ है। आपकी कार्यप्रगति एवं कार्यशैली बिल्कूल ही असंतोषजनक है। शहर के इतने महत्वपूर्ण पथ को अधुरा छोड दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि कार्य को ससमय पूर्ण किए जाने की आपकी रूचि नहीं है। अतः कार्यहीत एवं जनहीत में आपके कार्य की अंतिम मापी कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा 26.08.2023 को आपके अथवा आपके प्रतिनिधि के समक्ष लेकर आपके एकरारनामा को बन्द करने के लिए कार्रवाई करना वाध्यकारी प्रतीत होता है। आपकी अनुपस्थिति में भी अंतिम मापी ले ली जाएगी जो आपको मान्य होगी।

कार्यापालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 304892 (NREP) 23-24 (D)


## रुपया 10 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में नकारात्मक धारणा को बढ़ाते हुए रुपया 10 महीने के निचले स्तर 83.14 पर पहुंच गया, जबकि अगस्त में अब तक एफआईआई द्वारा लगभग 10,000 करोड़ रुपये का बहिर्वाह भी उच्च स्तर पर बिकवाली का कारण बना। यह बात मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कही। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों पर दबाव देखा गया। निफ्टी जहां निचले स्तर पर खुला और पूरे सत्र के दौरान नकारात्मक क्षेत्र में रहा और 100 अंक (-0.5 फीसदी) की गिरावट के साथ 19,365 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं सेंसेक्स 388.40 अंक या 0.59 फीसदी की गिरावट के साथ 65,151.02 पर बंद हुआ। हालांकि, निफ्टी मिडकैप 100 में 0.2 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ कार्रवाई व्यापक बाजार में स्थानांतरित हो गई।


## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा

**अत्यावश्यक सूचना**

एतद द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत प्रगतिशील पथ की संवेदक सोनी देवी, हाउस नं॰ 57 बी॰, पांचवां मुहल्ला, सदर चतरा, जिला–चतरा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा **"ग्राम कदगांवां कला के संजय राम के घर से रविदास टोला होते हुए लेढ़ीया नाला भाया विकास सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–1.60 कि॰मी॰)"** का कार्य अत्यन्त धीमी गति से सम्पादित् किया जा रहा है। आपके द्वारा विगत् लगभग तीन माह से बिना उपयुक्त् कारण के कार्य को बन्द कर दिया गया है। जबकि कार्य की पूर्णता की तिथि लगभग डेढ़ माह शेष बच गई है। कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण जनसाधारण को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कार्यालय के अनेक स्मारों का भी आपके द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है एवं मनमानी की जा रही है।

वर्णित् परिस्थिति में आपके द्वारा अगर एक सप्ताह के भीतर प्रगति में वांछित् सुधार नहीं कराया जाता है तो आपके कार्य की अंतिम मापी दिनांक– 25.08.2023 को कनीय अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता के द्वारा लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। उक्त् तिथि को आप स्वयं या आपके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आपके अनुपस्थिति में भी अंतिम मापी ले ली जाएगी, जो आपको मान्य होगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR304895 (Rural Work Department)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/11/2023-24/RE-1

डी0एम0एफ0टी0 मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप॰ सं॰ | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद, चतरा | Residual Work of Training Hall cum Skill Centre at Chatra. | 2497000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 01 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –26.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –01.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 02.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.09.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईटwww.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.304935 Rural Development(23-24):D



## कार्यालयः– जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला

**आम सूचना**

वित्तीय वर्श 2023–24 में **मुख्यमंत्री पशुधन विकास** योजना अर्न्तगत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए गुमला जिला के केवल अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य जाति के ए0पी0एल0/बी0पी0एल0/वर्ग के सभी महिला पुरुश लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों, जिसमें असहाय विधवा औरतों /दिव्यांग/निःसंतान दंपति (उम्र कम से कम 50 वर्श)महिला, पुरुश को प्रथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुसंशा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला के नाम से आमंत्रित किया जाता हैः–

| क0 सं0 | कार्यक्रम/योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मॉडल बकरा–बकरी इकाई (4+1) | 24800/– | 90% अधिकतम 22320/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0 के असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग /निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 18600/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 90% अधिकतम 52020/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0 के असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग /निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 43350/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 3 | 400 बैकयार्ड लेयर(लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन)की की योजना | 118200/– | 90% अधिकतम 106380/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0 के असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग /निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 88650/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन 500 ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67500/– | 90% अधिकतम 60750/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0 के असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग /निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 50625/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 5 | बतख चूजा वितरण की योजना (15 चूजा) | 1700/– | 90% अधिकतम 1530/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0 के असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग /निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 1275/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |

**पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तेंः–**

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
2. योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जार्ति के सभी महिला पुरुश/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जाएगा । जिसमें महिलाऐं/असहाय विधवा औरतों /दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगाा।
3. सभी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य कि अनुरुप ग्रामों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति की अनुसंशा के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रुप से चयन किया किया जाएगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रक्रिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य हैः–
   क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार संख्या जमा करना अनिवार्य होगा ।
   ख) चयन प्रक्रिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी ।
   ग) वैसे लाभुक जिन्हें पूर्व में राज्य या केन्द्रीय योजना का लाभ मिल चुका है उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा ।
   घ) बकरा विकास योजना ,सूकर विकास योजना के अंतर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुको का चयन 5–5 इकाइयों के कलस्टर में किया जाएगा ।
5. पशुपालन योजना के अंतर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान /बैंक ऋण पर किया जाएगा ।
6. योजना/कार्यक्रम अंतर्गत पशु पक्षी के निवास के लिए पशु पक्षी शेड, आवास अदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा ।
7. पशु पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित /सूचीवद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजना अंतर्गत दवा, मिनरल मिक्सचर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित इकाई दर, विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा।
9. योजना के अन्तर्गत चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि खोले गये Escrow Account/Dedicated bank Account में ही DBT के माध्यम हस्तांतरित किया जाएगा। लाभुक अन्तिम रुप से चयन होने पर अपना अंशदान एक माह के अन्दर खोले गये Escrow Account/Dedicated bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन ग्राम सभा से अनुसंशा के साथ प्रखंड स्तरीय समिति के पास दिनांक 24.08.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे ।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गुमला

PR304949 (Animal Husbandry)23-24*D

**संघर्ष में इंसान अकेला होता है, सफलता में दुनिया उसके साथ होती है। जिस-जिस पर भी यह जग हसता है, वह एकदिन इतिहास रचता है।' - अज्ञात**



# रुढ़िवादिता पर सुप्रीम पहल

***भारत*** के विकास और उन्नति में महिलाओं का योगदान अतुल्य है। इतिहास में महिलाओं ने विशिष्ट भूमिका निभाई है। अनेक महिलाएं भारतीय नारीवाद की जननी कहलाईं। ब्रिटिश राज के दौरान भी कई समाज सुधारकों ने महिलाओं के अधिकारों और उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी। दुनिया में हो रहे बदलावों, जागरूकता, शिक्षा एवं समय-समय पर दुनियाभर में हुए कई आंदोलनों के साथ दुनियाभर में महिलाओं के अधिकारों की बात शुरू हुई जिससे भारत भी अछूता नहीं रहा। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत ने ऐतिहासिक फैसले देते हुए महिलाओं के अधिकारों को पहले से कहीं अधिक पुख्ता बनाया। मयार्दा और शालीनता महिलाओं का निजी अधिकार माना जाता है परंतु महिलाओं की शालीनता और गरिमा के साथ न केवल शारीरिक खिलवाड़ होता आया है, बल्कि शब्दों से भी उनसे खिलवाड़ किया जाता है। महिला की गरिमा और प्रतिष्ठा से शब्दों से भी खिलवाड़ न हो इसके लिए खामोशी तोड़ने का समय है और यह खामोशी देश की शीर्ष अदालत ने तोड़ी है। देश की अदालतों में अब ऐसे जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा जो महिलाओं के लिए आपत्तिजनक साबित होते हैं। ना तो ऐसे शब्दों के जरिये दलीलें दी जाएंगी और ना ही इनका इस्तेमाल जज अपने फैसले में कर पाएंगे।

**देश की अदालतों में अब ऐसे जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा जो महिलाओं के लिए आपत्तिजनक साबित होते हैं। ना तो ऐसे शब्दों के जरिये दलीलें दी जाएंगी और ना ही इनका इस्तेमाल जज अपने फैसले में कर पाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने एक जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है।**

इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है, जिसमें ऐसे शब्दों का उदाहरण और उनका रिप्लेसमेंट सुझाया गया है। इससे जजों और वकीलों को अपने फैसलों और दलीलों में जेंडर रिलेटिड अनुचित शब्दों के इस्तेमाल से बचाव में मदद मिलेगी। यह हैंडबुक भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लॉन्च की। उन्होंने इस दौरान कहा कि इस हैंडबुक से जजों और वकीलों को यह समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द स्टीरियोटाइप (रूढ़िवादी) हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। तीस पृष्ठ की हैंडबुक को कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य, रिटायर्ड जस्टिस प्रभा श्रीदेवन, जस्टिस गीता मित्तल, प्रोफैसर झूमा सेन ने काफी चिंतन-मंथन के बाद तैयार किया। इस हैंडबुक में 30 पन्नों पर यह पूरी जानकारी दी गई है कि पहले कोर्ट में यूज किए जा रहे कौन से शब्द गलत हैं, वे गलत क्यों हैं और इनसे कानून की परिभाषा कैसे बिगड़ सकती है। ऐसे शब्दों में अफेयर की जगह शादी से इतर रिश्ता, प्रास्टिट्यूट/हुकर या वेश्या की जगह सेक्स वर्कर, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता ने आपस में शादी नहीं की, बिन ब्याही मां की जगह मां, चाइल्ड प्रास्टिट्यूट की जगह तस्करी करके लाया बच्चा जैसे शब्द सुझाए गए हैं। हैंडबुक में कर्त्तव्यनिष्ठ पत्नी, आज्ञाकारी पत्नी, फूहड़, स्पिनस्टर जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी निषेध बताया गया है। इस हैंडबुक का मकसद न्यायपालिका से जुड़े लोगों को जागरूक करना है और यह बताना है कि किस तरह अंजाने में रुढ़िवादिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। रुढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल संविधान के उस सिद्धांत के खिलाफ है जिसमें हर व्यक्ति के लिए कानून को समान और निष्पक्ष रूप से लागू होने की परिकल्पना की गई है। समाज का भी यह कर्त्तव्य है कि वह शब्दों के महत्व को समझें तभी हम सभ्रांत समाज कहलाएंगे। ज्ञान, उपदेश, प्रवचन उस समय तक उपयोगी नहीं हैं जब तक हमारी आदतों में उनका प्रवेश न हो। अगर हर माता-पिता अपने बच्चों को महिलाओं का सम्मान करना सिखायें तो एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें बेटी की सुरक्षा का डर नहीं होगा।

# 'आत्मनिर्भर भारत' नेतृत्व ग्रहण करने के लिए भविष्य का मार्ग



डॉ. जितेन्द्र सिंह



***विश्व*** आज भारत की अद्भुत वैज्ञानिक क्षमता और कौशल से आश्चर्यचकित है, जो सुसुप्त थी और किसी को भी उसके बारे में सही रूप में पता नहीं था। वास्तव में, यह एक सक्षम वातावरण और एक समर्थक नेतृत्व मिलने की प्रतीक्षा में थी। यदि संक्षेप में कहें तो यह इतिहास का वह क्षण था जब नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने और शेष तो इतिहास ही है। दुनिया को पहली बार डीएनए कोविड वैक्सीन उपहार में देने से लेकर चंद्रयान को घर लाने तक और चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का प्रमाण...यह मोदी के भारत की साक्ष्य आधारित अमिट छाप है, जिसने भारत को विश्व भर में व्यापक तौर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। पिछले 9 वर्षों में भारत, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) से संबंधित राष्ट्रीय नीतियां अभूतपूर्व संख्या में लेकर आया है। कुछ प्रमुख नीतियों में भारतीय अंतरिक्ष नीति (2023), राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति (2022); राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) (2020); इलेक्ट्रॉनिक्स पर राष्ट्रीय नीति (एनपीई) (2019); स्कूली शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय नीति (2019); छात्रों और संकाय के लिए राष्ट्रीय नवाचार और स्टार्टअप नीति (2019); राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017); बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (2016), आदि शामिल हैं। इसी तरह, सरकार ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (2023), वन हेल्थ मिशन (2023), नेशनल डीप ओशन मिशन (2021) आदि भी लॉन्च किये। एसईआरबी डेटा के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में औसतन, कुल अनुसंधान निधि का लगभग 65 प्रतिशत आईआईएससी, आईआईटी, आईआईएसईआर आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों को दिया जा रहा है और केवल 11 प्रतिशत धनराशि राज्यों के विश्वविद्यालयों को प्रदान की जा रही है, जहां अनुसंधानकर्ताओं की संख्या आईआईटी की तुलना में बहुत अधिक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अनुसंधान निधि की वर्तमान प्रणाली प्रतिस्पर्धी अनुदान द्वारा प्रेरित है। इसी तरह, अधिकांश राज्यों के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान की आधारभूत संरचना राष्ट्रीय शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं की तुलना में बहुत कमजोर है। हमारे विश्वविद्यालयों में शिक्षा जगत और उद्योग जगत की साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग अपर्याप्त रहा है। वास्तव में परिवर्तनकारी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी विजन था, जो न केवल वर्तमान अनुसंधान एवं विकास के इकोसिस्टम की कुछ बड़ी चुनौतियों का समाधान करेगा, बल्कि देश को दीर्घकालिक अनुसंधान एवं विकास को लेकर विजन प्रदान करेगा और भारत को अगले 5 वर्षों में वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं विकास के एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा। अनुसंधान एनआरएफ (एएनआरएफ) गणितीय विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और पृथ्वी विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि सहित प्राकृतिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए उच्च स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। यह मानविकी और

**केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा।**

**इन दिनों**

सामाजिक विज्ञान के वैज्ञानिक और तकनीकी इंटरफेस को बढ़ावा देने, निगरानी करने और ऐसे अनुसंधान और उससे जुड़े या उससे संबंधित विषयों के लिए आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। एएनआरएफ अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। भारत सरकार का विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), एएनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक संचालक मंडल द्वारा शासित होगा, जिसमें विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री इस संचालक मंडल के पदेन अध्यक्ष होंगे। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। एनआरएफ का कामकाज भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक कार्यकारी परिषद द्वारा नियंत्रित होगा। एएनआरएफ उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित करेगा, और वैज्ञानिक तथा संबंधित मंत्रालयों के अलावा उद्योगों और राज्य सरकारों की भागीदारी एवं योगदान के लिए एक इंटरफेस की प्रणाली तैयार करेगा। यह एक नीतिगत संरचना तैयार करने और नियामक प्रक्रियाओं को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो अनुसंधान एवं विकास पर उद्योग द्वारा सहयोग और उस पर व्यय में वृद्धि को प्रोत्साहित कर सके। एएनआरएफ की स्थापना पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपए की कुल अनुमानित लागत से जायेगी। 50,000 करोड़ रुपये की एएनआरएफ फंडिंग के तीन घटक होंगे - 4000 करोड़ रुपये का एसईआरबी फंड; 10,000 करोड़ रुपये का एएनआरएफ फंड, जिसमें से 10 प्रतिशत फंड (1000 करोड़ रुपये) इनोवेशन फंड के लिए रखा जायेगा। इनोवेशन फंड का उपयोग निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में अनुसंधान एवं विकास के लिए किया जायेगा और 36,000 करोड़ रुपये के कोष का योगदान उद्योग, परोपकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों आदि द्वारा दिया जायेगा। केंद्र सरकार वर्तमान में एसईआरबी को प्रति वर्ष 800 करोड़ रुपये का फंड प्रदान करती है, जिसमें निजी क्षेत्र का बहुत कम या कोई योगदान नहीं होता है। प्रस्तावित एएनआरएफ में, सरकारी योगदान को 800 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2800 करोड़ रुपये प्रति वर्ष (3.5 गुना) करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एएनआरएफ में निजी क्षेत्र का योगदान 5 वर्षों के लिए 36,000 करोड़ रुपये (7200 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में वैश्विक अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में भारत के नेतृत्व का लक्ष्य प्राप्त करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एएनआरएफ की स्थापना भारत के सबसे परिवर्तनकारी कदमों में से एक साबित होगा।

**[लेखक विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन; परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री हैं]**

**बोधि वृक्ष**

## *आइये सुने कथा छत्रपति शिवाजी की*

***शिवाजी*** की वीरता यात्रा पर रोक लगाने के लिए बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह ने उनके पिता शाह जी को धोखे से कैद कर लिया। उनकी मुक्ति की शर्त के लिए शिवाजी को बीजापुर के कुछ जीते हुए किले और बीजापुर पर आक्रमण न करने का आश्वासन देना पड़ा। शिवाजी ने इस संधि को निभाया और कुछ वर्षों तक यहाँ कोई हमला नहीं किया। लेकिन कुछ समय बाद अपने पिता की कैद से रिहाई होने और 1645 में उनकी मृत्यु के बाद शिवाजी ने पुनः 1655 में उत्तरी कोकोन और जवाली किले अपने नाम कर लिए। 1659 में आदिलशाह ने अपने सबसे अनुभवी और वीर सेनापति अफजल खान को शिवाजी को पकड़ने का जिम्मा दिया। इसके लिए अफजल खान ने धोखे का सहारा लेना चाहा, लेकिन चतुर शिवाजी ने उसकी चाल को भांपते हुए पहले ही उसपर आक्रमण करके उसे समाप्त कर दिया। इसके बाद शिवाजी ने अपने साथियों की मदद से बीजापुर पर हमला करके आदिलशाह को मारकर न केवल बीजापुर का किला अपने नाम किया बल्कि वहाँ से मिले हथियारों से अपनी सेना को भी मजबूत कर लिया।

**मुगल विरोध :** 1657 के बाद से मुगल शासक शिवाजी के तीरों के निशाने पर आ गये और पहले पूना और 1664 में सूरत पर आक्रमण करके मुगल सेना को यहाँ से हटने पर मजबूर कर दिया। शिवाजी के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए मुगल शासक औरंगजेब ने जयपुर के राजाओं जय सिंह और दिलीप सिंह को आगे किया। इस मुहिम में राजा जय सिंह शिवाजी के कई किलों को अपने हाथ में लेने में कामयाब हुआ। इस समय पुरंदर के किले को अपने हाथ में रोकने के लिए शिवाजी ने राजा जयसिंह से संधि करी जिसे 'पुरंदर की संधि' भी कहते हैं।

*(क्रमशः)*

# अब तिरुपति-तिरुमला देवस्थानम् के साथ 'ऐसा'!



के. विक्रम राव

***कितना*** जायज होगा यदि दिल्ली के जामा मस्जिद का प्रबंधक कोई शर्मा, तिवारी या पाण्डेय नामित हो जाय ? उसी भांति क्राइस्ट चर्च का मुखिया भी कोई अहमद अथवा मोहम्मद बना दिया जाय ? या दोनों पदों पर कोई यहूदी राब्बी नियुक्त कर दिया जाय ? ठीक यही हुआ है गत सप्ताह सनातनियों के प्राचीन आराधना केंद्र तिरुपति-तिरुमला देवस्थानम् में। तुर्रा यह कि ऐसा दुबारा किया गया है। रोमन कैथोलिक ईसाई भूमन करुणाकर रेड्डी फिर तिरुपति तिरुमल देवस्थानम के अध्यक्ष नामित हो गये हैं। आंध्र सरकार, जिसने उन्हें मनोनीत किया है, के मुख्यमंत्री हैं येदुगूरी संदिंटि जगन्मोहन रेड्डी। उनके पिता स्व. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी सोनिया गांधी के परम स्नेही होते थे। आंध्र-प्रदेश के प्रथम ईसाई मुख्यमंत्री। इस सनातन देवालय का मुखिया मसीही नामित होने पर राज्य में विरोध व्यापक हो रहा है। प्रतिपक्ष तेलुगू देशम पार्टी के प्रदेश सचिव बुच्ची रामप्रसाद ने सर्वप्रथम यह सवाल उठाया था। धर्मस्थल का प्रधान अनिवार्यतः सहधर्मी ही होता है। आंध्र राज्य की भारतीय जनता पार्टी की अध्यक्षा दग्गुबाती पुरंदेश्वरी ने भी वाएसआर कांग्रेस सरकार द्वारा ईसाई को हिंदू मंदिर का अध्यक्ष बनाने की भर्त्सना की है। पुरंदेश्वरी के पिता थे एनटी रामा राव जो तेलुगू देशम पार्टी के संस्थापक हैं तथा मुख्यमंत्री भी रहे। भाजपा की इस महिला नेत्री ने यही कहा कि : 'मंदिर के ट्रस्ट का अध्यक्ष ऐसे व्यक्ति को ही बनाया जाना चाहिए जिसकी हिंदू धर्म में पूरी आस्था हो। इस पद का राजनीतिक लाभ जगनमोहन रेड्डी ले रहे हैं।' टीटीडी सेवा नियमों के अनुसार टीटीडी के कर्मचारियों को हिंदू होना चाहिए। तिरुपति बोर्ड के एग्जीक्यूटिव अफसर रह चुके भाजपा नेता और पूर्व चीफ सेक्रेटरी आईवाईआर कृष्णा राव ने भी सरकार के फैसले को गलत ठहराया। फिलहाल अचरज यही है कि वाईएसआर कांग्रेस तो लोकसभा में भाजपा के साथ है। गत सप्ताह अविश्वास के प्रस्ताव पर वोट भी इसने कांग्रेसी प्रस्ताव के विरोध में ही दिया था। इसी ईसाई अध्यक्ष करुणाकर रेड्डी की बेटी नेहा रेड्डी की शादी 2016 में जगन के चचेरे भाई वाईएस सुमधुर रेड्डी से हुई थी। जगन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी सरकार के सत्ता में आने के बाद से आंध्र में मंदिरों में तोड़फोड़ की बहुत सी घटनाएं हुई हैं। इस परिवार के लिए ईसाई धर्म परिवर्तन लगभग एक पारिवारिक व्यवसाय जैसा है। आंध्र प्रदेश में ईसाई धर्म फैलाने के राज्य समर्थित प्रयास 2004 में वाईएसआर के सीएम कार्यकाल के दौरान शुरू हुए, जो सोनिया-कांग्रेस के वफादार भी थे। उनके प्रयासों में सरकार में ईसाई अधिकारियों को नियुक्त करना, तिरुपति प्रशासन में ईसाइयों को स्थापित करना और अपने खुले तौर पर प्रचारक दामाद, 'भाई' अनिल कुमार के माध्यम से शामिल करना शामिल था। इसी बीच आंध्र सरकार के आलोचकों ने संदेह व्यक्त किया है कि टीटीडी में आस्थावानों द्वारा प्रदप्त धनराशि जो करोड़ों में है का सियासी दुरुपयोग हो रहा है। तेलुगुभाषी आस्थावानों ने एक मौलिक मसला उठाया है। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा के हस्तक्षेप की मांग की है ताकि भाजपा की समर्थक पार्टी सनातन आस्था पर हमला बंद करें। खासकर इसलिए यहां का वेंकटेश्वर मंदिर सात पवित्र पर्वतीय मंदिरों में एक है। छब्बीस किलो वर्ग किलोमीटर में बस इस धर्मस्थल में

**छब्बीस किलो वर्ग किलोमीटर में बस इस धर्मस्थल में इस मंदिर को 'टेंपल ऑफ 7 हिल्स' भी कहा जाता है। तिरुमाला नगर 10.33 वर्ग मीटर (26.75 किलोमीटर वर्ग) के क्षेत्र में बसा हुआ है।**

**देव स्थान**

इस मंदिर को 'टेंपल ऑफ 7 हिल्स' भी कहा जाता है। तिरुमाला नगर 10.33 वर्ग मीटर (26.75 किलोमीटर वर्ग) के क्षेत्र में बसा हुआ है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) ने दावा किया है कि पचास वर्षीय जगमोहन रेड्डी भारत से सबसे अत्यधिक अमीर मुख्यमंत्री हैं। अकूत संपत्ति के मालिक। सरकारी सूत्रों ने बताया कि देश भर में टीटीडी के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें भक्तों द्वारा मंदिर को प्रसाद के रूप में दिये गये भूमि पार्सल, भवन, नगदी और बैंकों में जमा सोना शामिल है।

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

**"अपनी शरीर की उर्जा को चिंता करने में खत्म करने से कहीं ज्यादा बेहतर है कि, इसका इस्तेमाल समाधान ढूंढने में किया जाए।"**

# दुनिया हैरान-अमेरिका की साख पर सवालिया निशान?



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि दुनियां में दो शक्तियां अति महापावरफुल मानी जाती है एक अमेरिका और दूसरा रूस परंतु समय के चक्र के चलते रूस विखंडित हुआ फिर अब रूस यूक्रेन युद्ध होने से दुनिया में अमेरिका का अकेला बादशाह होने का संदेश साफ दिखाई दे रहा है जिसका सानी अभी कोई नहीं है, जो हमें बाहर से देख रहा है। परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, हर-घर में बाहर तो शोहरत दिखती है परंतु अंदर की कहानी हर घर वालों को ही पता रहती है। सच ही है, हम कई स्थानों पर यह देख चुके हैं। मगर आज हम उसका संज्ञान वैश्विक स्तरपर लें तो हम हाल ही में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बने हैं और अभी तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं हमने पिछले दिनों देखें कि किस तरह ऋण मामले में अमेरिका में क्राइसिस बड़ रहे थे जिन्हें सुझाव दिया गया है। परंतु अभी पिछले हफ्ते में वहां एक साथ दो घटनाएं देखी गई जिसकी उम्मीद शायद वर्षों से किसी को नहीं थी एक तो पूर्व राष्ट्रपति को अमेरिका न्याय विभाग द्वारा 2020 की हार को पलटने की साजिश में मुकदमा दर्ज करवाना है। सोमवार 14 अगस्त 2023 देर शाम को जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने उन पर चौथा आपराधिक आरोप लगाते दर्ज. किया। जॉर्जिया के ग्रैंड जूरी ने ट्रंप पर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अभियोग जारी किया है। फुल्टन काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी फानी विलिस के लगाये गये इन आरोपों के बाद 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन नामांकन की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप के सामने कानूनी दिक्कतें बढ़ गई हैं। और दूसरी वहां की प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी ने क्रेडिट रेटिंग घटाई है जो रेखांकित करने वाली बात है। यानी दुनिया में अमेरिका की साख पर सवालिया निशान लगा है कि इतनां विकसित देश और यह क्या? क्योंकि उपरोक्त दोनों घटनाओं ने विश्व का ध्यान खींचा है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका पर भीतर और बाहर से दो बातों पर सवाल? क्रेडिट रेटिंग घटा और पूर्व राष्ट्रपति पर धोखाधड़ी के आरोप दर्ज है। साथियों बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिकाकी इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, जिसके शेयर मार्केट की चाल देखकर तमाम देशों के शेयर बाजारों की चाल तय होती है, जिस अमेरिका की ताकत उसकी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, अब उसपर से दुनियां की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया है यानें अब अमेरिका के पाले में फिच की तरफ से दी जाने वाली टॉप रेटिंग नहीं है। 12 साल यानी 2011 के बाद अमेरिका की रेटिंग को पहली बार किसी रेटिंग एजेंसी ने घटाया है। फिच ने ये कदम अमेरिका के कमजोर होते फाइनेंशियल हालात और बढ़ते कर्ज को देखकर उठाया है। साथियों बात अगर हम क्रेडिट रेटिंग घटने के वजह की करें तो, दुनिया की तीन बड़ी स्वतंत्र एजेंसियों में शामिल फिच का कहना है कि अमेरिका में बीते 20 साल में गवर्नेंस के हालात काफी खराब हुए हैं। ये देशों के साथ-साथ अलग अलग कंपनियों की क्रेडिट साख का भी आकलन करती है, लेकिन फिच के इस आकलन को अमेरिकी वित्त मंत्री ने मनमानी करार दिया है। उन्होंने ने कहा है कि एजेंसी ने 2018 से 2020 के पुराने डेटा के आधार पर ये रेटिंग दी है जो मौजूदा हालात को बयान नहीं करती है। 12 साल में पहली बार अमेरिका को तगड़ा झटका लगा है क्योंकि फिच ने रेटिंग पर चलाई कैंची! साथियों बात अगर हम निवेशकों की करें तो, रेटिंग्स के घटने का असर सबसे पहले निवेशकों के फैसलों पर होता है।

**बात अगर हम अमेरिका के रुतबे की करें तो, जिस अमेरिका की इकोनॉमी का परचम दुनियाभर में लहराता है, उस पर से दुनिया की दिग्गज रेटिंग एजेंसी फिच का भरोसा डगमगा गया है।**

**अमेरिका**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सुबह खाली पेट इन खाद्य पदार्थों का न करें सेवन

अक्सर लोग जानकारी के अभाव में सुबह खाली पेट कुछ ऐसा खा लेते हैं जिसकी वजह से उनकी पूरी दिनचर्या प्रभावित हो सकती है। यदि आप सुबह का पहला मील हेल्दी रखती हैं, तो यह आपके पूरे दिन के खाद्य पदार्थों को पचाने में मदद करता है। अक्सर आपने लोगों को सुबह उठकर जूस पीते हुए देखा होगा, परंतु ऐसा करना वास्तविक में हेल्दी नहीं होता। ऐसे कई हेल्दी विकल्प हैं, जिन्हें खा कर आप अपनी दिन की शुरूआत कर सकती हैं। सुबह हेल्दी खाने से वेट लॉस, हेल्दी डाइजेशन से लेकर सेहत संबंधी कई अन्य समस्याओं को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। आज हेल्थ शॉट्स के साथ जानेंगे की सुबह खाली पेट आप किन खाद्य पदार्थों को खा सकती हैं और किन खाद्य पदार्थों को खाना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। न्यूट्रीशनिस्ट और वेलनेस कंसलटेंट नेहा सहाया इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया है कि किन खाद्य पदार्थों को सुबह खाली पेट नहीं खाना चाहिए साथ ही जानेंगे सुबह किन खाद्य पदार्थों का सेवन हमारे लिए फायदेमंद हो सकता है।



## खाली पेट न करें इन खाद्य पदार्थों का सेवन

**चीनी और राइस सिरप :** ज्यादातर लोग इसे खाली पेट लेते हैं, क्योंकि उनका मानना है कि यह फैट बर्न करने में मदद करता है। हालांकि, शहद में चीनी की तुलना में अधिक कैलोरी और इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी अधिक होता है। बिना किसी मिलावट के शुद्ध शहद मिलना बेहद मुश्किल है और ज्यादातर लोग शहद के नाम पर चीनी और राइस सिरप का सेवन करते हैं। यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा देता है जिसके परिणामस्वरूप पूरे दिन अधिक खाने की इच्छा होती रहती है। यदि आपके पास रॉ हनी है तब ही इसे अपनी मॉर्निंग डाइट में शामिल करें।

**खट्टे फल :** अन्य खाद्य पदार्थों की तुलना में फल बहुत जल्दी पच जाते हैं। इससे हमें एक घंटे के अंदर ही भूख लग जाती है। वहीं खाली पेट खट्टे फल खाने से एसिडिटी हो सकती है। खट्टे फल में कई महत्वपूर्ण विटामिन, मिनरल्स और फाइबर मौजूद होते हैं। परंतु फिर भी इनसे खाली पेट परहेज रखने की सलाह दी जाती है। संतरा, कीवी, अनानास जैसे फलों के सेवन से इनमें मौजूद फाइबर और फ्रुक्टोज की मात्रा आपके मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती है, जिसकी वजह से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है।

**चाय और कॉफी :** खाली पेट चाय या कॉफी का सेवन पेट में एसिड पैदा करता है और यह आपके पेट को असंतुलित कर सकता है और पाचन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकता है। इसके सेवन से ब्लोटिंग, कॉन्स्टिपेशन, हार्टबर्न जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए सुबह चाय और कॉफी पीने से पहले कुछ खा लेना चाहिए और कोशिश करें कि चाय और कॉफी को अवॉयड कर सकें।

**ब्रेकफास्ट में मीठे की जगह लें नमकीन :** नमकीन नाश्ता आपके रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए उपयुक्त होता है। यह उन लोगों के लिए बिल्कुल सही है जो अपनी फिटनेस पर ध्यान देते हैं। प्रोटीन और फैट बेस्ड मॉर्निंग मील पूरे दिन की भूख को कम करने में मदद करता है।

**मसालेदार भोजन :** सुबह खाली पेट मसालेदार भोजन करने से आपके पेट मे जलन का अनुभव हो सकता है। साथ ही साथ यह पाचन संबंधी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का कारण बनती है, खासकर हार्टबर्न और पेट दर्द। वहीं आप पूरे दिन असहज महसूस कर सकती हैं।

## खाली पेट इन खाद्य स्रोत का सेवन रहेगा फायदेमंद

**योगर्ट :** अपने दिन की शुरूआत योगर्ट के साथ करना एक अच्छा आईडिया हो सकता है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं, जो आपकी पाचन क्रिया और इम्यून सिस्टम के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इनके सेवन से आपकी पाचन क्रिया पूरे दिन संतुलित रहती है, साथ ही साथ यह आपको अंदर से पर्याप्त ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**पपीता :** यदि आप बवासीर और कब्ज से पीड़ित हैं तो नियमित रूप से पपीते का सेवन करें यह आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। यह सुबह मल त्याग करने की प्रक्रिया को आसान बना देता है। खाली पेट पपीते के सेवन से पाचन क्रिया संतुलित रहती है साथ ही कोलेस्ट्रॉल लेवल भी नियंत्रित रहता है ऐसे में दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा कम हो जाता है।

**दलिया :** पाचन संबंधी समस्याएं जैसे की कब्ज, अपच इत्यादि में दलिया का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। नियमित रूप से सुबह खाली ब्रेकफास्ट में इसे ले सकती हैं। इससे शरीर में जमे टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसमें कैलोरीज की एक सीमित मात्रा पाई जाती है, इसलिए यह वेट लॉस के लिए भी एक हेल्दी विकल्प साबित हो सकता है। वहीं दलिया फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, जो डाइजेस्टिव हेल्थ को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है।

**वेजिटेबल जूस :** अक्सर लोग सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पी लेते हैं, खाली पेट फ्रूट जूस का सेवन सेहत के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। इसलिए हमेशा दिन की शुरूआत सब्जी के जूस के साथ करनी चाहिए। मॉर्निंग जूस में कुछ हरी सब्जियां, गाजर, चुकंदर, खीरा, पुदीना, धनिया की पत्तियां इत्यादि को शामिल कर सकती हैं। खासकर महिलाओं के लिए यह एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है, क्योंकि यह पेट को साफ रखने के साथ-साथ त्वचा की सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। सब्जियों में मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट इन्हें आपके लिए खास बनाते हैं। इसके साथ ही विटामिन सी लेना चाहती हैं तो आप अपनी वेजिटेबल जूस में टमाटर और नींबू का रस निचोड़ सकती हैं।

**भिंगोये हुए बादाम :** महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से युक्त बादाम को रात भर पानी में भिगो कर रख दें, ऐसा करने से इसकी गुणवत्ता अधिक बढ़ जाती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन द्वारा प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बादाम में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम, विटामिन ई, ओमेगा 3, ओमेगा 6 फैटी एसिड, प्रोटीन और फाइबर मौजूद होते हैं जो शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करते हैं। हालांकि, इस बात का ध्यान रहे कि इसे खाने के पहले इसके छिलके उतार लें।

---

### पेट की चर्बी को मक्खन की तरह पिघला देगा

# सौंफ व चिया सीड्स का मिश्रण

आजकल की खराब लाइफस्टाइल के चलते लोगों का वजन तेजी से बढ़ने लगा है। अगर आप अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में थोड़े से बदलाव करते हैं, तो आप आसानी से मोटापे से मुक्ति पा सकते हैं। आजकल की खराब लाइफस्टाइल के चलते लोगों का वजन तेजी से बढ़ने लगा है। वहीं कई तरह की बीमारियों की वजह से भी लोगों का वजन बढ़ता है। ऑफिस के काम के प्रेशर के कारण लोगों को योग व एक्सरसाइज करने का मौका नहीं मिलता है। वहीं बाहर का जंक फूड खाने से आपके शरीर में अनहेल्दी फैट बढ़ने लगता है। जिसकी वजह से वेट धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। वहीं बढ़ते मोटापे की वजह से कई तरह की बीमारियां शुरू होने लगती है। बता दें कि अगर आप अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में थोड़े से बदलाव करते हैं, तो आप आसानी से मोटापे से मुक्ति पा सकते हैं। वजन कम करने के लिए आप सौंफ और चिया सीड्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। सौंफ और चिया सीड्स में फाइबर भरपूर मात्रा पायी जाती है। जो आपके पाचन तंत्र को बेहतर कर वेट कम करने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि सौंफ और चिया सीड्स की मदद से आप किस तरह अपने वेट को कंट्रोल में कर सकते हैं।

**मेटाबॉलिज्म करता है बूस्ट :** बता दें कि सौंफ और चिया सीड्स में एनेथाल पाया जाता है। यह पाचन एंजाइम्स बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इससे आपकी एक्स्ट्रा कैलोरी तेजी से बर्न होती है। मेटाबॉलिज्म बूस्ट होने से वेट धीरे-धीरे कम होता है। जिससे आपके सभी अंगों को ऊर्जा मिलती है। इससे एनर्जी लेवल भी बढ़ता है।

**फाइबर से भरपूर :** चिया सीड्स और सौंफ में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके सेवन से कब्ज की समस्या नहीं होती है। वहीं पेट फूलना, गैस और एसिडिटी की समस्या से भी राहत मिलती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया बेहतर होने के साथ ही वेट भी तेजी से कम होता है।

### ऐसे करें सेवन

- सबसे पहले एक बर्तन में करीब डेढ़ गिलास पानी गर्म कर लें।
- जब पानी हल्का गुनगुना हो जाए तो इसमें सौंफ और चिया सीड्स को उबाल लें।
- अब करीब 10-15 मिनट तक उबालने के बाद पानी को एक गिलास में छान लें।
- इसके बाद पानी में एक चम्मच शहद डालकर अच्छे से मिक्स कर दें।
- अगर आप बेहतर रिजल्ट पाना चाहते हैं, तो इसका सुबह खाली पेट सेवन करें।



**भूख होती है कंट्रोल :** सौंफ और चिया सीड्स में भूख को कंट्रोल करने के गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से आपको बार-बार भूख भी नहीं लगती है। जिससे मोटापा कंट्रोल होता है। वहीं चिया सीड्स में कार्बोहाईड्रेट और प्रोटीन की प्रचुर मात्रा पायी जाती है। यह भूख को कंट्रोल करने में सहायक होती है।

**ब्लड शुगर :** चिया सीड्स में कार्बोहाईड्रेट भी पाया जाता है। जो चीनी को ब्लड में अवशोषित करने की प्रक्रिया को धीमा करता है। इससे ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। इससे आपका वेट भी नहीं बढ़ता है।

**एंटी इंफ्लेमेटरी गुण :** चिया सीड्स और सौंफ ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है। जो शरीर की सूजन को कम करने के साथ फैट को घटाने में सहायक होता है। इससे आपका वेट तेजी से घटता है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

---

# कुर्सी की माया, कोई समझ न पाया



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

समय के साथ बैठने वाली चीजों के नाम बदलते हैं, लेकिन होड़ जस की तस बनी रहती है। फिर चाहे राजा-महाराजा के जमाने का सिंहासन हो या फिर आजकल की कुर्सी। हर कोई बैठने के लिए कुछ न कुछ चाहता ही है। बैठने का सिलसिला इतना तूल पकड़ चुका है कि लोग अब एक-दूसरे को गिराने पर आमादा हो चुके हैं। हमारी सोसायटी में एक साहब रहते हैं। कई सालों तक सोसायटी के अध्यक्ष बने रहे। इनकी कुटिलनीति, कुसीलौलुपता के चलते सोसायटी के दो फाड़ हो गए। एक फाड़ हमेशा अध्यक्ष पर चढ़ा रहता। उन्हें भला-बुरा कहता। अध्यक्ष थे कि हाथी चले बाजार कुत्ते भौंके हजार के मानिंद भली-बुरी बातों को एक कान से सुनते दूसरे कान से निकाल देते। इस फाड़ से उस फाड़ और उस फाड़ से इस फाड़ लुढ़कने के चलते सबने उनका नाम लोटाबाबू रख दिया। लोटाबाबू भी ऐसे कि कब पलटी मार जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। लोटाबाबू की शिष्यता करने वाले एक-दो चेले चपाटों ने एक दिन मजाक-मजाक में पूछ लिया कि आप कुर्सी को लेकर इतने संवेदनशील क्यों रहते हैं? हर घड़ी हर समय यहाँ तक कि नींद में भी कुर्सी-कुर्सी कहते हुए बड़बड़ाते रहते हैं। आखिर इस कुर्सी में ऐसी क्या खास बात है जो आपको इसका नाम ले-लेकर बड़बड़ाने पर मजबूर करता है?

पढ़े-लिखे चेले-चपाटों के मुँह से यह सवाल सुनकर अध्यक्ष का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। उन्होंने कहा - कुर्सी फायदे की हो तो बैठने का मजा ही कुछ और होता है। वैसे राजनीति में लोग खड़े ही बैठने के लिए होते हैं। कुर्सी से उतर जाओ तो एक दिन भी एक युग सा और बैठ जाओ तो पाँच साल भी पाँच मिनट सा लगता है। बड़ी गजब की चीज है बच्चू! लोग फालतू में शराब को बदनाम करते हैं, जो नशा कुर्सी में है वह किसी में नहीं है। बिना पिलाए मदहोश करने की ताकत है इसमें। प्यार का नशा किसी से प्यार करने तक होता है। प्यार टूट जाए तो किसी ओर में ढूँढ़ा जा सकता है। मोह का नशा उम्र के साथ बदलता रहता है। बचपन में कोई, जवानी में कोई और बुढ़ापे में कोई। इसलिए प्यार और मोह जैसी बातों से स्वयं को दूर रखना चाहिए। ये मनुष्य को कमजोर बनाती हैं। धन-दौलत का नशा, सम्मान का नशा, खुद को दूसरों से ऊँचा दिखाने का जंबो पैक नशा सिर पर छा जाए तो बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। भ्रष्ट बुद्धि के लिए सही पता कुर्सी तक पहुँचना होता है। कुर्सी की माया बड़ी विचित्र होती है। उस पर बैठने वाले को अपना बुरा भी अच्छा लगने लगता है। सच्चाई झूठ, सफेद काला और रात दिन सा लगने लगता है।

अध्यक्ष की बातें सुन चेले-चपाटों ने कहा - अब हम कुर्सी पर तो नहीं हैं। फिर क्या करें? उन्होंने कहा झ बेटा! कुर्सी अपने आप चलकर नहीं आती। उसके पास पहुँचना पड़ता है। पहुँचने के लिए चलना, दौड़ना या कूदने की जरूरत नहीं पड़ती। दूसरों को गिराना पड़ता है। बुरा सोचना पड़ता है। कुर्सी पर बैठने वाले की गलती पर खुशियाँ मनाना पड़ता है। बाहर-भीतर अलग-अलग सा रहना पड़ता है। घड़ियाली आँसू बहाना पड़ता है। बिन बुलाई बारातों में जाना पड़ता है। जमाने भर की गालियाँ देने वाले को गले लगाना पड़ता है। गधे को बाप बनाना पड़ता है। कहीं पर निगाहें और कहीं पर निशाना लगाना पड़ता है। दुनिया तुम्हें लाख भला-बुरा कहे, खुशी-खुशी उनके सामने हाथ जोड़कर झुकना पड़ता है। घर-परिवार को छोड़ दुनिया भर को परिवार बनाना पड़ता है। कुल मिलाकर निर्माण से अधिक तोड़-फोड़ के बारे में सोचना पड़ता है। जो यह कलाएँ सीख जाता है वह कुसीभोगी, न सीखे तो कुसीरोगी रह जाता है।

---

## सूडोकु नवताल- 6796

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6795 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**19 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.30 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कन्या | 07.46 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.57 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.11 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 14.27 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मकर | 16.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 18.19 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 19.52 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 21.22 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.02 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | मिथुन | 01.01 बजे से |
| | | कर्क | 03.14 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 231 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 22.20 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 01.48 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्ध 21.19 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 09.13 बजे तदनन्तर गर 22.20 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 02.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 55' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871710 **जूलियन दिन** 2460175.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 02 **विशेष** हरियाली तीज, विश्व फोटोग्राफी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

---

## शब्द पहेली - 7858

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | | ■ | 3 | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 4 | | | 5 |
| 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ | |
| ■ | 9 | | 10 | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | ■ | 13 | | | | 14 | ■ | |
| 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| | ■ | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | 21 | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 22 | | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

### ऊपर से नीचे

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -7857 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | फ | री | ह | ■ | क | ल | र | व |
| क | ■ | छ | ल | क | प | ट | ■ | र |
| रा | ख | ■ | ■ | म | ■ | ■ | बं | दा |
| र | त | ■ | प | ल | क | ■ | दा | न |
| ■ | र | स | ना | ■ | मा | ख | न | ■ |
| त | ना | ■ | ह | म | ल | ■ | वा | स |
| ल | क | ■ | ■ | ग | ■ | ■ | ज | ल |
| घ | ■ | म | न | र | ख | ना | ■ | वा |
| र | म | जा | न | ■ | त | क | दी | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

---

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृष राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**मिथुन राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कर्क राशि :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**सिंह राशि :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगी। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**कन्या राशि :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

**तुला राशि :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

**वृश्चिक राशि :** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**धनु राशि :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं।

**मकर राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभ राशि :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

**मीन राशि :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

NEWS इन ब्रीफ

## स्वास्थ्य विभाग के सर्वे में अबतक 2818 घरों में मिले डेंगू के लार्वा

**रांची।** इस मौसम में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी एवं उपाय किये जाने के संबंध में सभी जिलों को मार्गदर्शिका भेजा गया है। मार्गदर्शिका के अनुसार सभी जिलों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर उन बर्तनों की जांच कर रहे है, जिनमें काफी दिनों से पानी रहने के कारण मच्छर पनपते हैं। साथ ही उस घर में रहने वाले लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मच्छरों के लार्वा के आकलन के लिए इंटामालाजिकल सर्वे का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ किया गया है, जो 30 नवम्बर तक चलेगा। अभी तक 64550 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 2818 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। कुल 158404 जल पात्रों को जांचा गया, जिसमें 3629 जल पात्रों में डेंगू के लार्वा पाए गये। साथ ही मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट किये जाने के लिए कीटनाशी का छिड़काव किया जा रहा है। फॉगिंग भी की जा रही है।

## पति के बार-बार छोड़ने की धमकी पर कर ली खुदकुशी आरोपी को भेजा जेल

**रांची।** मुरहू थाना क्षेत्र के बिचना गांव स्थित एक सुनसान बगीचे से शुक्रवार को फंदे से लटकता एक महिला का शव मिला। शव के समीप ही पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने महिला को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में उसके पति मार्शल सोय होरो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सुसाइड नोट से उसकी पहचान तोरपा थानांतर्गत कोंहड़ा टोली डोड़मा निवासी मार्शल सोय होरो की पत्नी अंशु सोय (23) के रूप में हुई है। सुसाइड नोट के अनुसार मुरहू के बिंदा सुमलुंग निवासी महिला ने कुछ वर्ष पूर्व मार्शल सोय होरो से ढुकू विवाह किया था। महिला का एक दो वर्ष का बेटा भी है।

### गिरोह का संचालन करता था पुराना शातिर स्नैचर देवा, पत्नी से चेन को खपवाता था

# पुलिस ने छिनतई गिरोह का किया भंडाफोड़, महिला समेत चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस ने शहर के आधा दर्जन से ज्यादा इलाकों में छिनतई की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का सरगना और संचालन पुराना शातिर अपराधी मो फहीम उर्फ देवा करता हैं। हालांकि देवा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस की टीम ने इस गिरोह के देवा की पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में देवा की पत्नी हिंदपीढ़ी निवासी शबनम परवीन उर्फ जोया उर्फ चांदनी, मो फहीम अंसारी, फतेउल्लाह लेन के मो नौशाद उर्फ मिस्टर उर्फ बंदर उर्फ राज, अजय वर्मा उर्फ अजय सोनी शामिल है। आरोपी अजय सोनी जेवर दुकान का संचालक है। इन आरोपियों ने धुर्वा, जगन्नाथपुर, अरगोड़ा, पुंदाग आदि इलाके में छिनतई की दर्जनों कांडों को अंजाम दिया है। मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी शुभांशु जैन ने बताया कि गिरोह का सरगना देवा पुराना शातिर अपराधी है। देवा के गिरोह में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य हैं। इन सदस्यों को देवा खुद ही छिनतई की ट्रेनिंग देता था। जब सदस्य पूरी तरह से चेन छीनने के गुण सीख जाते थे, तब उनसे छिनतई की वारदात को अंजाम दिलवाता था। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी अजय वर्मा छिनतई के चेन को सस्ते दामों में खरीदकर उसे गला देता था। इसके बाद नए सिरे से चेन बनाकर बाजार में बिक्री करता था। सिटी एसपी ने बताया कि गिरोह का सरगना समेत अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

### सोने की कीमत के हिसाब से मिलता था स्नैचरों को पैसा

गिरोह के सदस्यों को छिनतई के चेन की बिक्री से प्राप्त राशि के हिसाब से पैसा दिया जाता है। एक चेन की छिनतई करने में स्नैचरों को तीन से दस हजार रुपए तक मिलते थे। गिरफ्तार आरोपियों ने इस बात का खुलासा किया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चेन छिनतई करने के बाद उसे गिरोह के सरगना को वे देते थे। इसके बाद सरगना की पत्नी शबनम उसे बाजार में बेच देती थी। बिक्री करने के एवज में उन्हें बीस हजार मिलता था तो उसमें से दस हजार उन्हें मिलता था। शेष राशि सरगना और उसकी पत्नी रख लेती थी।

### सरगना की पत्नी खपाती थी छिनतई का चेन

गिरोह का सरगना देवा की पत्नी शबनम परवीन छिनतई की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों से मिले चेन को खपाती थी। आरोपी महिला छिनतई के चेन को बाजार में बिक्री किया करती थी। आरोपियों से पूछताछ में इस बात की जानकारी पुलिस को मिली। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि महिला ने आधा दर्जन से अधिक चेन की बिक्री कर चुकी है।

### जाल बिछाकर पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

हटिया डीएसपी के अधीन आने वाले थाना क्षेत्रों में लगातार छिनतई की वारदात हो रही थी। स्नैचरों को दबोचने के लिए एसएसपी के निर्देश पर एक टीम गठन किया गया। इसी बीच टीम को यह जानकारी मिली कि हरमू सहजानंद चौक की ओर एक बाइक पर सवार स्नैचर महिला का पीछा कर रहे थे। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम दोनों स्नैचरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की।

# मारवाड़ी युवा मंच ने आयोजित किया सावन सिंघारा उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्थानीय राजस्थान भवन में शुक्रवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा की ओर से आयोजित सावन सिंघारा उत्सव में खूंटी और मुरहू के मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम बादलों के आगमन और बारिश की खुशी पर रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। महिलाएं ने मेहंदी लगवाई, लाल, हरे और नारंगी रंग के कपड़े पहनकर, उत्सव भोज में शामिल हुई और हरियाली तीज के झूले का लुत्फ उठाया। मौके पर सावन क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें रमा साबू सावन क्वीन चुनी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रियंका जैन, निक्की जैन, श्वेता भाला, रिंकू जैन ने योगदान दिया। ज्योति पोद्दार ने एंकरिंग की बागडोर संभाली और शिवांगी पीपुरिया ने गिफ्ट अरेंजमेंट की जिम्मेवारी संभाली।

## सीसीएल के 'एवरेस्ट समिट' में शामिल होंगे जाने-माने पर्वतारोही

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में रविवार को 'एवरेस्ट समिट' का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद होंगे। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिष्ट अतिथि होंगे। इसमें एवरेस्ट चोटी पर फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है।

सीसीएल समय-समय पर ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों का बहुआयामी विकास हो ताकि कर्मी अपना शत-प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊंचाई पर पहुंचाएं।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों के साथ सीधा संवाद

# लोगों को सम्मानजनक जीवन के लिए प्रेरित करें : प्रधान सचिव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को कांके प्रखण्ड के गागी पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुकों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव श्रीमती वन्दना दादेल, उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार श्री अवध नारायण प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री शिलवंत भट्ट, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जेएसएलपीएवस डीडी सिंह समेत सखी मण्डल की दीदियां तथा फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के लाभुक तथा जेएसएलपीएस कांके के कर्मी शामिल हुए। प्रधान सचिव वन्दना दादेल ने कार्यक्रम के दौरान लाभुकों से सीधी बातचीत की। लाभुकों ने योजना से जुड़ने से पूर्व और अभी के अपने अपने अनुभव साझा किए। प्रधान सचिव एवं उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने लाभुकों को और लोगों को भी योजना से जोड़ने तथा उनको प्रशिक्षण करवा कर ज्यादा से ज्यादा ऋण उपलब्ध कराकर सम्मानजनक जीवन के लिए प्रेरित करने को कहा। प्रधान सचिव श्रीमती वन्दना दादेल एवं उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने साप्ताहिक बुकरू बाजार में फूलो झानो अभियान के लाभुकों से भी बात की, जो योजना का लाभ पाकर अब सब्जी बेचती हैं। पदाधिकारियों से इन लाभुकों ने भी अपने अनुभव साझा किये।




### जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला

**सूचना**

गुमला जिला के वैसे ग्रामीण गृहरक्षक जिनका बॉण्ड माह अगस्त 2023 में समाप्त होने वाला है को सूचित किया जाता है कि पुनः नामांकन समिति के द्वारा उनके पुनः नामांकन की तिथि 22.08.2023 एवं 23.08.2023 को निर्धारित की गई है। संबंधित गृहरक्षक निम्नांकित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला में पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक पुनः नामांकन समिति के समक्ष प्रखण्ड अनुसार पूर्ण वर्दी में 02 पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो एवं गृहरक्षक संबंधी प्रमाण–पत्र के साथ उपस्थित होकर पुनः नामांकन करा लें। पुनः नामांकन हेतु तिथि पुनः निर्धारित नहीं की जायेगी।

| कमांक | प्रखण्ड का नाम | पुनः नामांकन की तिथि |
|---|---|---|
| 1 | गुमला | 22.08.2023 |
| 2 | सिसई | 22.08.2023 |
| 3 | भरनो | 22.08.2023 |
| 4 | रायडीह | 22.08.2023 |
| 5 | चैनपुर | 23.08.2023 |
| 6 | डुमरी / जारी | 23.08.2023 |
| 7 | पालकोट | 23.08.2023 |
| 8 | बसिया | 23.08.2023 |
| 9 | कामडारा | 23.08.2023 |
| 10 | घाघरा | 23.08.2023 |
| 11 | बिशुनपुर | 23.08.2023 |

पुलिस उपाधीक्षक (मु0)
–सह– जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, गुमला

PR 304950 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D


खेती-बाड़ी

### छः सदस्यीय जर्मन कृषि वैज्ञानिक दल ने गिरिडीह का किया भ्रमण

# वैज्ञानिकों ने अनुकूल खेती को बढ़ाने पर जोर दिया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गिरिडीह**

जर्मनी के वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान (डब्ल्यूएचएच) के छः सदस्यीय कृषि वैज्ञानिकों के दल ने विगत गुरुवार को बीएयू अधीनस्थ कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), गिरिडीह का भ्रमण किया। इस दल ने केवीके, गिरिडीह के प्रक्षेत्रों में धान की सीधी बोवाई, धान की पंक्ति में बोवाई, गिलोय की खेती, बागवानी फसलों की उन्नत खेती, मशरूम यूनिट, वर्मीकम्पोस्ट यूनिट, पोषण वाटिका एवं तकनीकी पार्क को देखा। साथ ही किसान छात्रावास में स्थानीय किसानों के कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इस दल में वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान के कृषि वैज्ञानिक स्टेफनी ग्रेयबेल, निकोलस बेयूगेमन, यूनो मुलर, संचरि मुखोपाध्याय, विजय डे, गगन मेहता एवं कृष्ण कान्त शामिल थे। भ्रमणशील जर्मन दल ने केवीके, गिरिडीह के कृषि प्रसार गतिविधियों सराहना की। दल ने ऑनलाइन माध्यम से बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह से चर्चा में भाग लिया। कुलपति के दल को विवि द्वारा संचालित शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों की गतिविधियों से अवगत कराया। केवीके, गिरिडीह के भ्रमण एवं सहभागिता के लिए खुशी जाहिर की और जर्मन दल का आभार जताया। इस दौरान जर्मन दल द्वारा शोध कृषि क्षेत्र में सहयोग एवं सहभागिता की ईच्छा व्यक्त की। दल ने संस्थान के कौशल विकास हंस्तांतरण कार्यक्रम के अधीन जर्मनी के शोधकर्ता को केवीके, गिरिडीह में आकर कृषि क्षेत्र में त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक इंटर्नशिप अध्ययन में सहयोग मांगा। दल ने दोनों संस्थानों के सहयोग से गिरिडीह जिला में जलवायु अनुकूल खेती, फुल, बागवानी, पशुपालन, जैविक खाद, प्रसंस्करण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही इस सबंध में एमओयू करने की ईच्छा व्यक्त की। दल ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्थानीय एनजीओ अभिव्यक्ति फाउंडेशन भी शामिल होगा। इस एमओयू के तहत मुख्यतः शोध कार्य, तकनीकी हंस्तांतरण, उद्यमिता एवं कौशल विकास, ग्रामीण कृषक महिला सशक्तिकरण के कार्यों पर प्राथमिकता होगी। इस कार्यक्रम के दौरान केवीके, गिरिडीह के प्रभारी डॉ संजय सेठ ने छः सदस्यीय जर्मन दल का झारखंड संस्कृति के अनुरूप अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। मौके पर डॉ नवीन कुमार, मधुकर कुमार, मनोज कुमार, शुभंकर, युगल भारती तथा अभिव्यक्ति फाउंडेशन के कृष्ण कान्त प्रसाद, भीम सिंह आदि भी मौजूद थे। बताते चले कि वेल्थुंगरहिल्फे संस्थान (डब्ल्यूएचएच) जर्मनी की सबसे बड़ी निजी सहायता एजेंसियों में से एक है।


### NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website:www.netarhatvidyalaya.com

Letter No. -177 Dated -18.08.2023

**Notice Inviting Quotation**

Sealed quotations are invited from reputed firms/suppliers/ vendors for the supply, installation and commissioning of Laptop Computer and purchase of a mobile phone at Principal's Office of Netarhat Residential School as per particulars mentioned below. The quotations will be received by the undersigned on or before 25.08.2023 upto 11:30 A.M. and will be opened on 26.08.2023 at 02:30 P.M. in the presence of the intending quotationers or their authorized agents.

| S.No. | Particulars | Qty |
|---|---|---|
| 01. | Laptop Lenovo Ideapad Slim 5i – Core i5 12th Generation, 16 GB RAM, 512 GB SSD, 15.6" FHD IPS 300 Nits, Windows 11 mso 2021, Warranty 03 Years with ADP. | 01 No. |
| 02. | MOBILE ONEPLUSE/SAMSUNG 8GB RAM, 128 GB ROM 5G SUPPORTED | 01 NO. |

***Terms and Conditions:***

1. No separate quotation paper will be issued from the office. Quotation should be submitted in the Supplier's Letter Pad with supporting documents.
2. The School reserves the right to accept or reject any or all the quotations without assigning any reason.
3. The quotation should be addressed to the **"Netarhat Residential School, PO – Netarhat, Dist – Latehar, Jharkhand - 835218"** super scribing the Quotation Notice Number on the envelope.
4. In the event of any kind of holiday, the quotations shall be opened on the next working day.
5. ***Any kind of Taxes/GST (if any) or any kind of installation or other charges must be clearly indicated in the quotation.***
6. The tendering firm must have proper PAN/GST No. and the same shall have to be enclosed with the quotations.
7. The quantity mentioned above may be increased or decreased at the time of placing order as per requirement.
8. The tendering firm must have a permanent establishment at Jharkhand.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Cum Member Secretary Netarhat Vidyalay Samiti

PR.NO.304945 Human Resource Developement(23-24):D


### स्थापना दिवस की तैयारी लेकर वैश्य मोर्चा कोर कमिटि की बैठक आयोजित

# कई राज्यों के वैश्य नेता किये जायेंगे आमंत्रित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सुकुरहुट्टू ग्राम स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवास में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक आगामी 12 अक्टूबर को रांची में होने वाले 5 वां स्थापना दिवस समारोह की मुक्कमल तैयारी एवं तैयारी समिति का गठन के लिए रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए 12 अक्टूबर को रांची में पांचवां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस स्थापना दिवस समारोह में झारखंड सहित बिहार, नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के वैश्य नेताओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिए एक तैयारी समिति का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु बनाये गये। जबकि हीरानाथ साहु, संजीव चौधरी, कपिल प्रसाद साहु, इंदुभूषण गुप्ता, रोहित कुमार साहु एवं श्रीमती नम्रता सोनी को सदस्य बनाया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि एक महिला सहित और चार लोगों को इस समिति में शामिल किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि 12 अक्टूबर वैश्य समाज सहित पिछड़ों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण दिन है। पिछड़े वर्ग की हक की लड़ाई उन्हीं के बताये रास्ते पर चल कर जीता जा सकता है। बैठक के अंत में एक प्रस्ताव पारित कर लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बालूमाथ निवासी राजेंद्र प्रसाद साहु की हत्या की कड़ी निंदा की गयी और इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई। बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावा केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, शिवनंदन प्रसाद, दिलीप प्रसाद, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, कृष्णा प्रसाद साहु, नरेश साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु आदि उपस्थित थे।



## पृष्ठ एक के शेष

**सहायक पुलिसकर्मियों को...**

हक-अधिकार भी लेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक आदिवासियों के हितों को दरकिनार किया जाता रहा। जब हमारी सरकार बनी तो आदिवासियों को विकास से जोड़ने के लिए कई योजनाएं शुरू की। आदिवासी कला-संस्कृति और परंपरा को अलग पहचान मिले, इसलिए आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू किया गया। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, चम्पाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सुखराम उरांव, निरल पूर्ति, सविता महतो, दीपक बिरुवा, सोनाराम सिंकू, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम सचिव राजेश शर्मा, प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**10,020 युवाओं को...**

मूलवासी हैं। यह सिलसिला आगे भी चलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप मजबूत होंगे तो आपके घर-परिवार में सुख समृद्धि आएगी। जब आपका परिवार खुशहाल होगा तो राज्य भी सशक्त और मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ सरकार आपको अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए आपके साथ खड़ी है। इस दिशा में संसाधनों का बेहतर प्रयोग करने के लिए कार्य नीति बनाई गई है। हमारा संकल्प है राज्य की जनता को बेहतर जीवन के लिए बेहतर व्यवस्था दे सकें।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/13/2023-24

अनावद्ध मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | Provision of ACP, Modular Tensile Structure and CCTV Camera in Campus of Chatra Jawahar Lal Nehru Stadium at District Headquarter Chatra. | 20,80,700.00 | 42,000.00 | 5000.00 | 01 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 03.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 05.09.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक / अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR.NO.304929 Rural Development(23-24):D

